गुरुवार, 22 जनवरी 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 15 – 26 |
| आर्द्रता | 60% |
| सूर्योदय: 06:19 | सूर्यास्त: 17:17 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : ऐसा व्यक्तित्व की उपस्थित का पता न चले परन्तु अनुपस्थिति का एहसास हो।



अभिषेक की धमाकेदार पारी, भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रन से हराया पृष्ठ 8




बीसीबी का अनुरोध खारिज, बांग्लादेश के मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत में ही होंगे (पृष्ठ 8)

## ईरान में हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा में 3,117 लोगों की मौत हुई : सरकारी टेलीविजन

**दुबई :** ईरान में हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में 3,117 लोगों की मौत हुई है। सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। यह पहली बार है जब ईरान ने आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या बताई है। सरकारी टेलीविजन के मुताबिक देश में 28 दिसंबर को शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में 3,117 लोगों की मौत हुई है जबकि मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार हिंसा में 4,560 लोग मारे गए हैं। बुधवार रात को 'मार्टियर्स फाउंडेशन' द्वारा जारी एक बयान में मृतकों की संख्या बताई गई थी। इसमें बताया गया कि मृतकों में से 2,427 नागरिक और सुरक्षा बल के जवान थे। बाकी मृतकों के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई।

## आज ईडी के डायरेक्टर राहुल नवीन आएंगे कोलकाता, कार्यों की करेंगे समीक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के डायरेक्टर कोलकाता आ रहे हैं। ईडी के निदेशक राहुल नवीन ईस्टर्न जोन में सेंट्रल एजेंसी के कामकाज की समीक्षा करने के लिए गुरुवार को कोलकाता पहुंच सकते हैं।अधिकारियों ने बताया है कि ईडी के डायरेक्टर नवीन कोलकाता के सॉल्टलेक स्थित एजेंसी के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय जायेंगे। वहां वह अपने स्टाफ से बातचीत करेंगे और जोन में जिन मामलों की जांच चल रही है, उनकी समीक्षा करेंगे। अधिकारी ने बताया कि हाल के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए, वह ईडी के अधिकारियों से उनके और कार्यालय परिसर के लिए समस्त कार्य परिस्थितियों और सुरक्षा इंतजाम पर फीडबैक भी लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि ईडी प्रमुख नियमित समीक्षा के लिए अलग-अलग इलाकों का दौरा करते रहते हैं।

# न्यूनतम मासिक मानदेय में वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का कोलकाता में प्रदर्शन

### प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प, कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया

■ **विरोध प्रदर्शन के लिए कोलकाता आ रहीं आशा कर्मियों को पुलिस ने रास्ते में रोका**



**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूनतम मासिक मानदेय में वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर हजारों आशा कार्यकर्ताओं के राज्य के स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय तक मार्च को बुधवार को पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने कोलकाता के एस्प्लेनेड और साल्टलेक में प्रमुख सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने बताया कि विभिन्न जिलों से आयी प्रदर्शनकारियों को सुबह सियालदह और हावड़ा रेलवे स्टेशन से निकलते ही रोक दिया गया था। उन्होंने बताया कि हालांकि, लगभग 1,000 मान्यता प्राप्त आशा कार्यकर्ताओं ने बाद में एस्प्लेनेड और साल्टलेक में करुणमयी में फिर से इकट्ठा होकर मार्च को फिर से शुरू करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें फिर से रोक दिया। पुलिस ने मौलाली, सियालदह के प्राची सिनेमा और बउबाजार समेत कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों को रोका, जिससे तीखी बहसें हुईं। एक अधिकारी ने बताया कि साल्टलेक में, जहां स्वास्थ्य विभाग का मुख्यालय 'स्वास्थ्य भवन' स्थित है, वहां कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड फांदकर परिसर में घुसने की कोशिश की, जिसके चलते पुलिस कर्मियों के साथ झड़प हुई। उन्होंने बताया कि एस्प्लेनेड के डोरिना चौराहे पर भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जहां प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की। स्वास्थ्य कर्मियों ने दावा किया कि उन्हें महीनों से भुगतान नहीं किया गया है और विभिन्न चिकित्सा आपात स्थितियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों में तैनाती के बावजूद उन्हें बहुत कम राशि मिल रही है। पुलिस ने पूर्व अनुमति ना होने के कारण इस जमावड़े को अवैध बताते हुए कहा कि एस्प्लेनेड और सॉल्टलेक से कई आशा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया, क्योंकि उन्होंने तितर-बितर होने से इनकार कर दिया था। 'स्वास्थ्य भवन' के बाहर प्रदर्शन के दौरान एक प्रदर्शनकारी बीमार भी पड़ गई, जिसकी मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने देखभाल की।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : ईडी ने तृणमूल विधायक समेत अन्य लोगों की 57.78 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कीं



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि कोलकाता जोनल ऑफिस ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के सहायक शिक्षक भर्ती घोटाले (कक्षा 9 से 12) से जुड़े मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) 2002 के तहत लगभग 57.78 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं। जानकारी दी गई कि ये संपत्तियां **जीवन कृष्ण साहा (विधायक)**, प्रसन्न कुमार रॉय और अन्य के नाम पर हैं। इसमें राजारहाट, न्यूटाउन, पाथरघाटा, गरागरी और उत्तर 24 परगना जिले के आसपास के इलाकों के साथ ही मुर्शिदाबाद और पूर्व बर्दवान जिलों में स्थित कई फ्लैट, विला और जमीन के टुकड़े शामिल हैं। ये संपत्तियां कोलकाता में भी स्थित हैं। जांच में पाया गया कि ये संपत्तियां अवैध तरीके से की गई सहायक शिक्षक नियुक्तियों से मिले पैसों (अपराध की आय) से खरीदी गई थीं। बता दें कि इससे पहले ईडी ने एसएससी ग्रुप सी और डी भर्ती घोटाले में 247.2 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की थीं। कक्षा 9 से 12 के सहायक शिक्षक भर्ती घोटाले में पहले ही 238.78 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं। वहीं, प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में भी करीब 154 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त/कुर्क की गई हैं। इस तरह अब तक भर्ती घोटालों में ईडी कोलकाता द्वारा कुल 698 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं।

## मंत्रिमंडल ने अटल पेंशन योजना को 2030-31 तक जारी रखने की दी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकार की प्रमुख अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही प्रचार, विकासात्मक गतिविधियों और 'गैप फंडिंग' के लिए वित्तीय सहायता के विस्तार को भी स्वीकृति दी गई है। वित्तीय कमी की पूर्ति को 'गैप फंडिंग' कहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बीच पहुंच बढ़ाने के लिए जागरूकता एवं क्षमता निर्माण जैसी गतिविधियों को सरकारी समर्थन मिलता रहेगा। अटल पेंशन योजना की शुरुआत नौ मई 2015 को की गई थी जिसका मकसद असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करना है। विज्ञप्ति के अनुसार, 19 जनवरी 2026 तक एपीवाई के तहत 8.66 करोड़ से अधिक सदस्य पंजीकृत हो चुके हैं। योजना के तहत योगदान के आधार पर 60 वर्ष की आयु के बाद 1,000 रुपये से 5,000 रुपये प्रति माह तक की न्यूनतम पेंशन की गारंटी का प्रावधान है।

## लश्कर-ए-तैयबा की सहयोगी तानिया परवीन मामले में आतंकी मोहम्मद इदरीस को 10 साल की जेल



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बादुड़िया से संचालित होने वाले एक बड़े आतंकी नेटवर्क के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता मिली है। विशेष एनआईए अदालत ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ जुड़े होने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में सैयद मोहम्मद इदरीस उर्फ मुन्ना को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश सुकुमार राय ने बुधवार को यह फैसला सुनाया, जिसमें इदरीस पर आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। बता दें कि इस पूरे नेटवर्क का खुलासा मार्च 2020 में हुआ था, जब राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बादुड़िया की एक कॉलेज छात्रा तानिया परवीन को गिरफ्तार किया था। तानिया इंटरनेट मीडिया के जरिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने और उन्हें जेहादी विचारधारा से जोड़ने का काम कर रही थी। जांच में सामने आया कि वह सीधे तौर पर पाकिस्तान स्थित लश्कर के आकाओं के संपर्क में थी और ऑनलाइन माध्यम से नए रंगरूटों की भर्ती कर रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही इसकी कमान एनआईए ने संभाल ली थी। तानिया से पूछताछ के दौरान ही कर्नाटक के निवासी मोहम्मद इदरीस और कश्मीर के बांदीपोरा से अल्ताफ जैसे आतंकियों के नाम सामने आए। इस साजिश में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की रहने वाली आयशा बुर्हान भी शामिल थी। अदालत में इदरीस ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे यूएपीए और राजद्रोह की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई।

### सोना, चांदी के भाव नए शिखर पर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना और चांदी नए शिखर पर पहुंच गए। सोने की कीमत करीब 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 3.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपये यानी 4.24 प्रतिशत बढ़कर 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। मंगलवार को, सोने ने पहली बार देश की राजधानी में 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार किया। स्थानीय सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में भी लगातार नौवें दिन तेजी जारी रही। चांदी की कीमत 11,300 रुपये बढ़कर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 20,400 रुपये बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## रुपया 68 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 91.65 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** रुपया बुधवार को 68 पैसे लुढ़ककर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 91.65 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता एवं जोखिम से बचने की धारणा के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से घरेलू मुद्रा पर दबाव रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया 16 दिसंबर 2025 को 91.14 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस महीने अब तक स्थानीय मुद्रा में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस गिरावट का कारण भू-राजनीतिक अनिश्चितता में वृद्धि है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड मुद्दे और संभावित शुल्क को लेकर यूरोप के साथ बढ़ते तनाव के कारण निवेशकों ने सतर्कता का रुख अपनाया है। इसके अलावा, घरेलू बाजार में नकारात्मक रुझान ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

षष्टम पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती सरिता पोद्दार
(धर्मपत्नी श्री सुशील पोद्दार)

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा

आपकी पुण्यतिथि पर समस्त परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करतें हैं।

आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे।

श्रद्धावनत
समस्त पोद्दार परिवार

Swarnamani Complex
163B Manicktalla Main Road
Kolkata - 700054
Mobile: 9831009352
RAVI AUTO STORE, KOLKATA

## ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया अच्छा दोस्त, कहा 'भारत के साथ जल्द अच्छी डील'




**दावोस :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर बोलते हुए भारत के साथ एक मजबूत व्यापार समझौता को लेकर भरोसा जताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें शानदार नेता बताया। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका। यह बयान उन्होंने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में अपने विशेष संबोधन के दौरान दिया। यह पहली बार नहीं जब ट्रंप की ओर से यह दावा किया गया है। इससे पहले भी वह कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह दावा करते रहे हैं। संबोधन के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर मेरे मन में बहुत सम्मान है। वह बेहतरीन शख्स है और मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बेहतरीन व्यापार समझौता होने जा रहा है।वहीं ट्रंप ने अपने इस दावे को फिर दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के बीच युद्ध को रोका, जैसा कि उन्होंने कई अन्य युद्धों के साथ किया था। इससे पहले, पिछले साल 10 मई से लेकर अब तक कम से कम 80 से अधिक बार भारत और पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का श्रेय खुद को दिया है। सबसे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद दोनों पड़ोसी देशों ने पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमति जताई है। हालांकि, भारत ने लगातार किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार किया है।

### अमेरिका बलपूर्वक ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में नहीं लेगा

**दावोस :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उनका देश ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने के लिए बल प्रयोग नहीं करेगा। उन्होंने रेखांकित किया कि केवल अमेरिका ही खनिज-समृद्ध इस द्वीप की रक्षा कर सकता है। ग्रीनलैंड का मुद्दा अमेरिका के यूरोप के साथ बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के केंद्र में है। ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका में आर्थिक प्रगति हो रही है जबकि यूरोप ''सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रहा है''। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने 70 मिनट लंबे भाषण में कहा, ''ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है, तथा ग्रीनलैंड की रक्षा केवल अमेरिका ही कर सकता है।''



# घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में रोबोटिक क्रांति!



Dr Santosh Kumar



कोलकाता स्थित बेले व्यू क्लिनिक में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक, प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. संतोष कुमार के पास 17 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने अब तक 35 हजार से अधिक सफल सर्जरी की हैं। वह **संतोष कुमार** हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर के संस्थापक भी हैं, जो जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन का एक समर्पित समूह है, जो हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में नवीनता और सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**डॉ. कुमार** का मानना है कि एक संगठन की ताकत उसकी टीम में होती है। उनकी टीम में कई विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन, चिकित्सक, सहायक, तकनीशियन और फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य व्यक्तिगत कौशल, दक्षता, व्यापक अनुभव और विश्वास को स्वास्थ्य सेवा के फ्रंटलाइन में एकीकृत करना है।

साल 2011 में, **डॉ. कुमार** ने कंप्यूटर-समर्थित जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए 'ऑर्थोपायलट' उपकरण का उपयोग किया था। पिछले वर्ष, उन्होंने इस प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए रोबोटिक आर्म का भी समावेश किया, जिससे सर्जरी में और अधिक सटीकता प्राप्त हो रही है। हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में बायोमेकानिक्स, जैसे एक सस्पेंशन ब्रिज की यांत्रिकी, का महत्व है और यह बेहतर तरीके से नेविगेशन और रोबोटिक आर्म द्वारा हासिल किया जाता है।

**डॉ. संतोष कुमार** यह भी मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे आधुनिक उपकरण अब सर्जन के हाथों में हैं, जो सर्जरी को और भी सटीक और प्रभावी बनाते हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य घुटना और हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूने के साथ-साथ मरीजों को बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान करना है। उनके नेतृत्व में, मोमेंटम ऑर्थोकेयर और संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन ने सर्जरी में एक नया मानक स्थापित किया है।

डॉ. कुमार का कहना है कि सही तरीके से किया गया जॉइंट रिप्लेसमेंट 25 वर्षों से अधिक तक चल सकता है और अगर आवश्यक हो, तो इसे पुनः किया जा सकता है, जिसे 'रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट' कहा जाता है। डॉ. कुमार और उनकी टीम कोलकाता में नियमित रूप से इन रिवीजन प्रक्रियाओं का संचालन करते हैं।

**नवीनतम तकनीक**

**डॉ. संतोष कुमार** ने घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में नए विकास के बारे में बताया। उन्होंने मोबाइल बेयरिंग रोटेटिंग प्लेटफॉर्म घुटने के रिप्लेसमेंट की बात की, जो खासतौर पर पैरों को क्रॉस करके बैठने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसके अलावा, कम संपर्क तनाव डिजाइन से इम्प्लांट के जीवनकाल में वृद्धि होती है। काइनेमेटिक एलाइंमेंट का उपयोग करके मेडियल पिवट घुटने ने घुटने के कृत्रिम जोड़ को जितना संभव हो प्राकृतिक घुटने के करीब लाने में मदद की है। **डॉ. संतोष कुमार** का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को दर्द रहित बनाना उनका प्रमुख उद्देश्य है, जिसे उच्च सटीकता वाली नर्व ब्लॉक्स और मल्टीमोडल एनाल्जेसिया तकनीकों द्वारा प्राप्त किया जाता है।

–स्टिचलेस सर्जरी का नया युग

**डॉ. कुमार** बताते हैं कि आजकल वे स्टिचलेस सर्जरी करते हैं, जिससे मरीज को सर्जरी के कुछ ही दिनों बाद स्नान करने की अनुमति मिलती है और कोई भी स्टिच हटाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे लगभग कोई निशान भी नहीं रहता।

–जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए सुलभ और किफायती हब

डॉ. संतोष कुमार का कहना है कि संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पूर्व भारत में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए एक किफायती और स्थानीय केंद्र बनाना था।

–फ्री वीडियो कंसल्टेशन और यात्रा खर्च की सुविधा

इसके अलावा, **डॉ. कुमार** अपने मरीजों और उनके साथ आने वाले रिश्तेदारों के लिए बिहार और झारखंड से इलाज के लिए आने वाले मरीजों के यात्रा खर्च को भी वापस करते हैं और उन्हें मुफ्त वीडियो कंसल्टेशन की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

Dr Santosh Kumar activating the Robotic Arm during Robotic Knee Replacement



**डॉ. संतोष कुमार** और उनकी टीम का उद्देश्य जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके मरीजों को बेहतर और दर्दमुक्त जीवन प्रदान करना है।



**Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation**

*Chamber :* Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089

Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon

● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com

● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh

*Call for Appointment :* 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years

## हरियाणा की सुरक्षा के लिये प्रशिक्षित जवान

सेना में अग्निवीर योजना के क्रियान्वयन के वक्त इनकी अल्पकालिक सेवा और सेवानिवृत्ति के बाद उनके भविष्य को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। लेकिन अब धीरे-धीरे कई आशंकाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। प्रशिक्षित अग्निवीरों के लिये नये-नये अवसर बन रहे हैं। हाल ही में हरियाणा सरकार ने राज्य में गठित होने जा रही डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स में अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। यह सुखद ही है कि अग्निपथ योजना के पहले बैच के सेवा काल की समाप्ति से पहले हरियाणा सरकार ने उनके समायोजन की पहल की है, जिसका अनुकरण देश के अन्य राज्यों को भी करना चाहिए। जिससे इस कुशल-प्रशिक्षित युवा शक्ति की ऊर्जा के बेहतर इस्तेमाल की पहल हो सके। दरअसल, हरियाणा में स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स में अग्निवीरों को वरीयता देने की बात कही गई है। निश्चय ही इस कदम से जहां अग्निवीरों की नई पीढ़ी सामने आएगी, वहीं राज्य को इनके कुशल प्रशिक्षण का लाभ मिल सकेगा। यह भी हकीकत है कि बदलते वक्त के साथ आपदाओं की पुनरावृत्ति व घातकता बढ़ रही है, उससे जूझने के लिये भी अनुभवी व प्रशिक्षित बल की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। जो एक स्थायी, पेशेवर और पूर्णकालिक बल के जरिये ही संभव हो सकता है। दरअसल, हरियाणा में सरकार ने भरोसा दिलाया है कि राज्य में गठित होने वाली एसडीआरएफ बटालियन में अधिकतम संख्या अग्निवीरों की ही होगी। विश्वास किया जा रहा है कि अग्निवीरों वाली एसडीआरएफ प्राकृतिक आपदाओं मसलन बाढ़,भूकंप, औद्योगिक दुर्घटनाओं, अग्निकांडों व रासायनिक आपदाओं की चुनौती का सफलता से मुकाबला कर सकेगी। माना जा रहा है कि अग्निवीरों को मिला कठोर प्रशिक्षण आपातकालीन स्थितियों से मुकाबले में मददगार साबित होगा। दरअसल, ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थितियों में तीव्र गति से कार्रवाई करते नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की प्राथमिकता होती है। जो प्रशिक्षित और अनुभवी टीम के द्वारा ही संभव हो सकता है। कहा जा रहा है कि राज्य की सभी डिविजनों में क्विक रिस्पॉन्स टीम तैनात की जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में उत्तर प्रदेश में नोएडा में धुंध के चलते हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवा इंजीनियर की मौत हुई। बेटे को मौत के मुंह में समाते देख असहाय पिता ने पुलिस से मदद मांगी। लेकिन मदद के लिये पहुंची टीम के पास इस चुनौती का मुकाबला करने के लिये जरूरी उपकरण व अनुभव नहीं था। ऐसे में युवा इंजीनियर ने पिता के सामने ही डूबकर दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद तमाम लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद आपदा राहत बल को प्रशिक्षित करने और जीवन रक्षा के तमाम उपकरण उपलब्ध कराने की जरूरत महसूस की जा रही है। ऐसे में हरियाणा में एसडीआरएफ बटालियन के गठन और उसमें प्रशिक्षित व अनुभवी अग्निवीरों की तैनाती की घोषणा के बाद उम्मीद जगी है कि हरियाणा की सुरक्षा कुशल हाथों में रहेगी। तब प्राकृतिक, औद्योगिक व आगजनी आदि की घटनाओं में जन-क्षति को कम करने में मदद मिल सकेगी। हालांकि, अब तक हरियाणा में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में आईआरबी की बटालियन पहले ही नोडल डिजास्टर रिस्पॉन्स एजेंसी के रूप में सक्रिय रही है। इसके अंतर्गत सैकड़ों कर्मचारियों को आपदाओं से निबटने के लिये प्रशिक्षण दिया जा चुका है। लेकिन आपदाओं व दुर्घटनाओं की घातकता के मद्देनजर स्पेशल व स्थायी बल की आवश्यकता लगातार महसूस की जाती रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि अनुभवी नेतृत्व में प्रशिक्षित टीम व आधुनिक जीवन रक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जाने से एसडीआरएफ तमाम चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हो सकेगी। निश्चित रूप से अग्निवीरों की सेना में कुशल ट्रेनिंग, अनुशासन के साथ चुनौतियों का मुकाबला करने का प्रशिक्षण व फील्ड में हासिल अनुभव स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स को प्रभावी बनाएगा। जिसके आधार पर ही सरकार ने उन्हें एसडीआरएफ बटालियन में प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। निश्चित तौर पर इससे राज्य में आपदा में तुरंत प्रतिक्रिया क्षमता को संबल मिलेगा। साथ ही अग्निवीरों को अपनी क्षमता प्रदर्शन का नया मंच मिलने से, युवा सेना की अग्निवीर योजना को कैरियर के विकल्प के रूप में चुन सकेंगे।

# एआई से आत्मनिर्भरता तक: महिलाओं और युवाओं का नया भविष्य


श्रीमती कविता भाटिया

भारत इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की तैयारियों में जुटा है। इस समिट में दुनिया भर के एआई के धुरंधर शामिल होंगे और इस वैश्विक मंच पर भारत के युवाओं को भी अपना पुरुषार्थ दिखाने का अवसर मिलेगा। अब एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल मशीनों, एल्गोरिदम या ऑटोमेशन तक सीमित नहीं है। असली चर्चा इस बात की है कि एआई को सभी के लिए उपयोगी और सुलभ कैसे बनाया जाए। खासतौर पर महिलाओं, युवाओं और उन कामगारों के लिए, जो अब तक औपचारिक अर्थव्यवस्था से दूर रहे हैं।

एआई की सबसे बड़ी ताकत यह नहीं है कि वह इंसानों की जगह ले ले, बल्कि यह है कि वह इंसानों की क्षमता बढ़ाए। अगर सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सकता है, युवाओं को नए कौशल दे सकता है और असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों को सुरक्षा और अवसर दोनों दे सकता है।

इसी सोच के साथ मार्च 2024 में सरकार ने इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी। इस मिशन का उद्देश्य है-भारत में एआई का विकास करना और एआई को भारत की जरूरतों के अनुसार काम में लाना। इसके तहत कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, नए इनोवेशन सेंटर खोलने, भरोसेमंद डेटा प्लेटफॉर्म बनाने, एआई आधारित एप्लिकेशन विकसित करने, युवाओं को भविष्य के कौशल सिखाने और स्टार्टअप्स को वित्तीय मदद देने जैसे कई कदम उठाए गए। उनके सकारात्मक और सुखद परिणाम अब शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, लैब से लेकर खेतों तक और संगीत व कला जैसे हर क्षेत्र में दिखाई देने लगे हैं।

इस मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इंडिया एआई इनोवेशन सेंटर, जहाँ खास तौर पर समावेशी विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। यहाँ ऐसे एआई मॉडल तैयार किए जा रहे हैं, जो भारत की भाषाई और सामाजिक विविधता को समझ सकें। ये मॉडल किसानों, महिला उद्यमियों, गिग वर्कर्स और छोटे व्यापारियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में काम करने वाले एआई सहायक, छोटे-छोटे सलाह देने वाले डिजिटल टूल और अलग-अलग क्षेत्रों के लिए ज्ञान आधारित सिस्टम इसी दिशा में काम कर रहे हैं।

**एआई समिट से निकलेगी राह**

दुनिया के कई देशों में एआई को केवल उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के औज़ार के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन भारत में एआई का असली असर रोज़गार, सुरक्षा, प्रशिक्षण और अवसर के रूप में सामने आ रहा है। फरवरी 2026 में होने वाले इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट में इसी सोच पर चर्चा होगी कि एआई का इस्तेमाल जनता, विकास और धरती के हित में कैसे किया जाए।

आज भारत की गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में महिलाएं एआई की मदद से नई पहचान बना रही हैं। कई महिला उद्यमी एआई आधारित ऑनलाइन बाज़ारों से जुड़कर अपना कारोबार बढ़ा रही हैं। वहीं, टैक्सी चलाने वाली या डिलीवरी का काम करने वाली महिलाएं एआई आधारित सुरक्षा सुविधाओं की वजह से ज़्यादा सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरी महसूस कर रही हैं।

उदाहरण के लिए, ब्यूटी और हेल्थ से जुड़े प्लेटफॉर्म एआई का इस्तेमाल कर ग्राहकों को सही सेवा प्रदाता से जोड़ते हैं। इसमें स्थान, कौशल और पुराने अनुभव जैसी जानकारियों का ध्यान रखा जाता है। इससे महिलाओं को लचीले काम के घंटे, तय आमदनी और बेहतर सुरक्षा मिलती है। इसी तरह, टैक्सी और डिलीवरी सेवाओं में रियल-टाइम लोकेशन शेयरिंग और वॉयस-एक्टिवेटेड इमरजेंसी फीचर जैसी सुविधाओं ने महिला ड्राइवर्स का भरोसा बढ़ाया है।

ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में भी एआई डिजिटल समावेशन को आगे बढ़ा रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं में काम करने वाले एआई सहायक और आवाज से चलने वाली डिजिटल भुगतान सेवाएं उन महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रही हैं, जो पढ़ना-लिखना कम जानती हैं। अब वे बिना झिझक अपने पैसों का लेन-देन और प्रबंधन कर पा रही हैं।

**'युवा एआई फॉर ऑल'**

युवाओं के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि नए भविष्य का दरवाज़ा है। सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर देशभर में एआई से जुड़े कौशल सिखा रहे हैं, चाहे वह बुनियादी डिजिटल जानकारी हो या उन्नत मशीन लर्निंग। इसी कड़ी में शुरू किया गया 'युवा एआई फॉर ऑल' अभियान लाखों छात्रों को एआई की बुनियादी समझ दे रहा है। स्कूलों, कॉलेजों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के ज़रिये यह कोशिश की जा रही है कि एआई का ज्ञान किसी एक वर्ग तक सीमित न रहे।

आज एआई की भूमिका केवल रोज़गार तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह जन-कल्याण से भी जुड़ गई है। कई स्टार्ट-अप्स रिहायशी इलाकों और दफ्तरों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एआई आधारित निगरानी और विश्लेषण सिस्टम का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, आपातकालीन सेवाओं में एआई आधारित शिकायत निवारण सिस्टम से प्रतिक्रिया का समय कम हुआ है और सेवाएं ज़्यादा प्रभावी बनी हैं।

खेती के क्षेत्र में भी एआई बड़ा बदलाव ला रहा है। मौसम, कीट और फसल से जुड़े जोखिमों का अनुमान लगाकर एआई किसानों, खासकर महिला किसानों को बेहतर फैसले लेने में मदद कर रहा है। फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी के ज़रिये एआई आधारित क्रेडिट स्कोरिंग से उन महिला-नेतृत्व वाले कारोबारों को भी कर्ज़ मिल पा रहा है, जो पहले बैंकिंग व्यवस्था से बाहर थे।

नीति आयोग की रिपोर्ट भी बताती है कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर करोड़ों असंगठित कामगारों को सशक्त बना सकता है। ये वही लोग हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

जैसे-जैसे एआई का इस्तेमाल बढ़ रहा है, उसका नैतिक और निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित करना भी ज़रूरी हो गया है। भारत का दृष्टिकोण सभी के लिए एआई पर आधारित है, जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और समान अवसर पर ज़ोर दिया गया है। डिजिटल श्रमसेतु जैसी पहलें असंगठित क्षेत्र में तकनीक को पहुंचाने का काम कर रही हैं। भारत की पहली डिजिटल क्रांति ने लोगों को जोड़ा, अब अगली एआई क्रांति का लक्ष्य उन्हें नए अवसर देना होना चाहिए। ऐसा भविष्य, जहाँ गांव की महिला उद्यमी, दूर-दराज़ का युवा और शहर का स्टार्टअप संस्थापक- सभी एआई के लाभ में बराबर के भागीदार हों।

भारत में एआई की सफलता इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उसके एल्गोरिदम कितने जटिल हैं, बल्कि इस बात से मापी जाएगी कि वह कितने लोगों को आगे बढ़ने का मौका देता है। महिलाएं, युवा और कामगार अब केवल लाभ लेने वाले नहीं हैं, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी एआई अर्थव्यवस्था के निर्माता बन रहे हैं। यही भारत की असली ताकत है।

-लेखिका इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इंडिया एआई मिशन की सीओओ हैं

# यूपी/बिहार

# विधानमंडल लोकतंत्र की नींव है, इसके जरिये अंतिम व्यक्ति की आवाज सरकार तक पहुंचती है : आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि विधानमंडल लोकतंत्र का मूल स्तंभ और सबसे प्रभावी मंच है जिसके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज सरकार तक पहुंचती है। यहां 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन और विधायी निकायों के सचिवों के 62वें सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के विधानमंडल न केवल कानून बनाने में बल्कि समावेशी और व्यापक विकास के लिए नीतियां बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''विधानमंडल लोकतंत्र की मूलभूत इकाई है। संविधान के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए, यह न केवल कानून बनाता है बल्कि समग्र विकास की योजना बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी कार्य करता है।'' उन्होंने कहा कि न्याय, समानता और भाईचारे के संवैधानिक मूल्य भारतीय लोकतंत्र की आत्मा हैं और विधानमंडलों में उनकी सबसे सार्थक अभिव्यक्ति होती है। उन्होंने कहा, ''विधानमंडल वह जगह है जहां न्याय सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाए जाते हैं, जहां एक समान समाज के निर्माण के लिए सरकारी नीतियां आकार लेती हैं, और जहां आम सहमति, संवाद और स्वस्थ बहस के माध्यम से भाईचारा परिलक्षित होता है।'' आदित्यनाथ ने कहा कि भारत भाग्यशाली है कि उसके पास मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं जो दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे लोकतंत्र में, समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी अपने चुने हुए प्रतिनिधि के माध्यम से देश के सर्वोच्च सदन के सामने अपनी बात रख सकता है, और उस आवाज को पूरी ताकत से सुना जाता है।'' उन्होंने चुने हुए प्रतिनिधियों को इस प्रणाली का मुख्य स्तंभ बताया।

### जनभागीदारी से और भव्य होगा उत्तर प्रदेश दिवस- 2026, अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि

इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा जिसमें प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सक्रिय सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास यात्रा प्रदर्शित की जाएगी। 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास की उपलब्धियों को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा, यह केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं में गरिमा, अनुशासन और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बिहार : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारण में 538 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान बुधवार को सारण जिले में करीब 538 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं और योजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने इस यात्रा के दौरान चल रही योजनाओं और विकास कार्यों की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, कुमार ने सारण जिले में 451 करोड़ रुपये की 45 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जबकि 87 करोड़ रुपये की 24 योजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने नव-निर्मित सरकारी आईटीआई भवन का निरीक्षण किया तथा कक्षाओं, मैकेनिकल डीज़ल कार्यशाला, इलेक्ट्रिकल कार्यशाला और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया एवं छात्रों से बातचीत की। कुमार ने राधे कृष्ण जीविका



महिला क्लस्टर फेडरेशन द्वारा संचालित प्रशिक्षण-सह-निर्माण केंद्र 'दीदी का सिलाई घर' का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### राष्ट्रपति मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या में राम मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होंगी

**अयोध्या (उप्र) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2083 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति शिरकत करेंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू इस आयोजन की मुख्य अतिथि होंगी। इस अवसर पर राष्ट्रपति राम मंदिर में काम कर रहे 400 कर्मचारियों को सम्मानित भी करेंगी।

**सॉफ्टवेयर इंजीनियर मौत**

## एसआईटी की नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों से पूछताछ, बिल्डर न्यायिक हिरासत में

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के मामले में गिरफ्तार एक बिल्डर को बुधवार को 27 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। इस बीच, विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामले की जांच तेज कर दी है और लापरवाही के आरोपों का सामना कर रहे नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से पूछताछ की है। सहायक शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र जयंत ने बताया कि आरोपी बिल्डरों में से एक एवं 'एमजे विजटाउन प्लानर्स' के निदेशक अभय कुमार को सूरजपुर स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 27 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जयंत ने बताया, ''सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले में ला-परवाही को लेकर जमकर फटकार भी लगाई। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए पुलिस को निर्देश दिया कि जांच में ये भी साफ होना चाहिए कि लापरवाही किसकी है। नाली अगर टूटी है तो उसका जिम्मेदार कौन है। इतना ही नहीं बैरिकेड अगर नहीं लगा है तो उसका जिम्मेदार कौन है।




## बिहार की सभी बंद चीनी मिलें चालू कराई जाएंगी : सम्राट चौधरी



**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा कि राज्य की सभी बंद चीनी मिलें चालू कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि बिहार के लोगों को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में काम मिले, इसके लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में देश की सबसे बेहतर औद्योगिक नीति लागू की गई है। यहां उद्योग लगाने के लिए सरकार एक रुपए में जमीन उपलब्ध करा रही है और 15 दिनों में कर्ज मंजूर किया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य में सेमीकंडक्टर तक के कारखाने लग रहे हैं। वे समृद्धि यात्रा के दौरान सारण जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में घर-घर बिजली पहुंचाने का सपना साकार हुआ है। एक समय था जब बिहार के शहरों में भी मुश्किल से पांच घंटे बिजली मिलती थी, लेकिन आज गांवों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में एक करोड़ 90 लाख परिवारों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे लगभग एक करोड़ 70 लाख परिवारों का बिजली बिल शून्य हो गया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 जनवरी, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष चतुर्थी, 26:27 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 14:15 तक, योग : वरीघा, 17:29 तक, सूर्योदय: 06:19, सूर्यास्त: 17:17, चन्द्रोदय : 08:32, चन्द्रास्त: 20:34, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 13:09 से 14:31

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के महत्वाकांक्षी प्रकृति वाले जातकों के लिए गुरुवार का दिन शुभ फलदायक रहेगा। दोपहर बाद उच्च अधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में दिन थोड़ा परेशान करने वाला रह सकता है। ऐसे में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। समाज में सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि का स्वामी बुध अष्टम प्रमुख आयु लग्न भाव में और तृतीय पराक्रम भाव में केतु परिजन बिछोह से मन को दुखित करेगा। राजनीतिक गतिविधियों में भी रुकावट रहेगी।

**कर्क :** कर्क राशि का स्वामी चन्द्रमा कुंभ राशि का होकर अष्टम आय केन्द्र भाव में भाग्योदय कारक है। ऐसे में जीवन साथी एवं व्यापार में साझेदारों का सहयोग मिलेगा। सत्कार्यों में रुचि बनी रहेगी।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए गुरुवार का दिन मिश्रित फलकारक रहेगा। समाज में स्वच्छ छवि का निर्माण होगा। इस दौरान आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि के द्वादश भाव में केतु और सप्तम घर में शनि उत्तम संपत्ति के देने वाले हैं। ऐसे में समाज में आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।

**तुला :** तुला राशि का स्वामी शुक्र सांसारिक सुख भोगों की वृद्धि कर रहा है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का आधा दिन परोपकार करने में बीतेगा। दूसरों की सहायता करने से जो आत्म संतुष्टि आपको प्राप्त होती है। उसकी तुलना अन्य किसी सांसारिक सुख से नहीं हो सकती।

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए द्वितीय भाव में मंगल पारिवारिक अशांति तथा आस-पास के वातावरण को विपरीत बना सकता है। रात्रि का समय मनोविनोद में बीतेगा।

**मकर :** मकर राशि के जातकों को किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है।

**कुम्भ :** आपका राशि स्वामी शनि पूर्व में उदय हो चुका है। चन्द्रमा द्वादश भाव में किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा।

**मीन :** मीन राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में संतान पक्ष से संतुष्टि व हर्ष दायक है। खास तौर पर युवाओं के लिए दिन अच्छा रहेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3329

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| ■ | | ■ | 6 | 7 | 8 | | ■ | 9 | 10 |
| 11 | | 12 | ■ | 13 | | ■ | 14 | ■ | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 15 | | | |
| ■ | ■ | 16 | | | 17 | ■ | | ■ | |
| 18 | 19 | | ■ | ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ |
| 23 | | ■ | 24 | 25 | | | ■ | 26 | |
| | ■ | 27 | ■ | | ■ | 28 | 29 | | ■ |
| 30 | | | | | | ■ | 31 | | |

*बायें से दायें:-* 1) काम का, 4) पौधों आदि का धड़, 6) उथल-पुथल, 9) एक संख्या, 11) एक फल, 13) वायु, 15) आसक्ति; शौक़, 16) सम्मान; प्रतिष्ठा; बार, 18) चिंताग्रस्त, 20) शरारत, 23) जननी, 24) एक-सा, 26) समय से पहले, 28) झिरी, 30) त्वचा, 31) नाश.

*ऊपर से नीचे:-* 2) गोआ की राजधानी, 3) गाना, 4) ढोल, 5) आदी; व्यसनी, 7) पहरे में रखा जाना, 8) व्यसन, 10) ठीक; योग्य; पर्याप्त, 11) ख़ात्मा, 12) दया, 14) जल से सींचना, 17) खुले में, 18) अंतर्भाव, 19) फ़िक्र, 21) खाद्य सामग्री, 22) अनुभव, 25) गोल दानोंवाली एक फली, 27) चाकू, 29) रात्र.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | न | बी | ■ | ऐ | या | शी | ■ | ब |
| न | ■ | ■ | स | मा | न | ■ | शा | ति | र |
| पे | ल | ना | ■ | म | क | र | ■ | ■ | ग |
| क्षि | ■ | ह | ठी | ला | ■ | जा | य | दा | द |
| त | ला | क़ | ■ | ■ | दा | इ | ■ | मि | ■ |
| ■ | ड़ | ■ | पै | ग़ा | म | ■ | अ | नी | ति |
| क | ला | का | र | ■ | न | र | मी | ■ | थि |
| र्म | ■ | ■ | वी | र | ■ | म | री | ज़ | ■ |
| ठ | लु | आ | ■ | सा | र | णी | ■ | री | छ |

## सुडोकू-पहेली-3287

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | 7 | | | |
| | | | 5 | | 2 | 8 | | 1 |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| 7 | | | | | | | 3 | |
| 4 | 8 | | | | | | | 9 |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | 2 | | | | 4 |
| | | | 8 | | 6 | | 1 | |
| | | 2 | | 9 | 3 | 6 | 8 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3286 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 8 | 4 | 6 | 7 | 3 |

# आयुष्मान भारत योजना लागू होती तो बंगाल की 90 प्रतिशत आबादी रह जाती वंचित : अभिषेक बनर्जी

**पुरुलिया :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि अगर राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की होती, तो पात्रता की सख्त शर्तों के कारण राज्य की 90 प्रतिशत से अधिक आबादी इसके लाभ से वंचित रह जाती। अभिषेक बनर्जी ने प्रधानमंत्री के आरोपों का प्रत्यक्ष रूप से जिक्र किए बिना कहा कि बंगाल की अपनी 'स्वास्थ्य साथी' योजना सभी के लिए सुलभ है क्योंकि इसमें कोई शर्त नहीं हैं। इस दिन, पुरुलिया जिले में आयोजित 'तृणमूल रण संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि वे दावा करते हैं कि ममता बनर्जी सरकार ने बंगाल में आयुष्मान भारत योजना को रोक दिया है। मैं लोगों से कहना चाहता हूं कि अगर आपके पास स्मार्टफोन, टीवी, मोटरसाइकिल, रेडियो या यहां तक कि पक्की छत भी है, तो भी आप इस योजना के लिए अयोग्य हो जाएंगे। ये शर्तें मोदी सरकार ने तय की हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि स्वास्थ्य साथी योजना में ऐसी कोई शर्त नहीं है, इसीलिए इसके लाभ सभी को मिलते हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि ममता बनर्जी प्रशासन ने तृणमूल को वोट देने वालों और न देने वालों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया और राज्य की नकद रहित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पुरुलिया के सभी 28 लाख लोगों तक पहुंचाया। अभिषेक ने कहा कि अगर बंगाल में आयुष्मान भारत योजना लागू होती, तो 10 करोड़ लोगों में से केवल 90 लाख लोग ही इस योजना का लाभ पाने के पात्र होते, जिससे शेष 9.1 करोड़ नागरिक वंचित रह जाते। दूसरी ओर, 'स्वास्थ्य साथी' योजना सभी 10 करोड़ लोगों के लिए उपलब्ध है। अब आप ही बताइए कि आपको क्या पसंद है, 'आयुष्मान भारत' या 'स्वास्थ्य साथी'?



❑ **'दुर्व्यवहार पर मुझसे शिकायत करें'**

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पुरुलिया के लोगों से मेरा विनम्र अनुरोध है कि यदि तृणमूल का कोई स्थानीय नेता आपके साथ बुरा व्यवहार करता है, तो 'एक डाके अभिषेक' हेल्पलाइन पर फोन करके मुझे सीधे बताएं। चंद लोगों की वजह से तृणमूल से मुंह न मोड़ें। अभिषेक ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के किसी भी उम्मीदवार को दिया गया वोट सीधे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ही जाएगा। पिछले चुनावों के आंकड़ों का हवाला देते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि वर्ष 2016 में तृणमूल ने जिले की नौ में से सात सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन बाद के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी को नुकसान हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी चुनाव में जिले की सभी नौ विधानसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

❑ **रेल सेवाओं की बदहाल स्थिति का आरोप**

रेल सेवाओं की बदहाल स्थिति को लेकर केंद्र सरकार और स्थानीय भाजपा प्रतिनिधियों पर हमला बोलते हुए अभिषेक ने कहा कि पुरुलिया में भाजपा के छह विधायक और सांसद हैं, फिर भी रेलवे की हालत बदतर है। चक्रधरपुर डिवीजन की ट्रेनें घंटों लेट चलती हैं और हावड़ा जाने वाली ट्रेनों को सांतरागाछी में रोक दिया जाता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनाव परिणाम आने के तीन महीने के भीतर 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रेल मंत्री से मिलकर पुरुलिया की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। अभिषेक बनर्जी ने विश्वास जताया कि तृणमूल कांग्रेस पुरुलिया में अपनी खोई हुई जमीन वापस हासिल करेगी और विकास के जरिए जनता का भरोसा फिर से मजबूत करेगी।

## विधानसभा में 2 फरवरी को पेश होगा अंतरिम बजट, चुनावी घोषणाओं की उम्मीद

### बजट सत्र 31 जनवरी से 5 फरवरी तक, मतदाता सूची पर टीएमसी-भाजपा में तीखी बहस की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य विधानसभा का आगामी बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने स्पष्ट किया है कि ममता बनर्जी सरकार आगामी दो फरवरी को सदन में अपना अंतरिम बजट पेश करेगी। यह बजट सत्र संक्षिप्त होगा, जो पांच फरवरी तक चलेगा। 31 जनवरी को पहले दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी और फिर दो फरवरी को वित्तीय लेखा-जोखा सदन के पटल पर रखा जाएगा। कुछ माह बाद विधानसभा चुनाव होना है। उससे पहले पेश होने वाले इस बजट को लेकर राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जनता को लुभाने के लिए कौन से बड़े 'सरप्राइज' दे सकती हैं। हालांकि, 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद अंतरिम बजट पेश किया था,लेकिन इस बार माना जा रहा है कि वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभावर) चंद्रिमा भट्टाचार्य अंतरिम बजट पेश करेंगी। सूत्रों के अनुसार, बजट सत्र से पहले मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की एक विशेष बैठक बुलाई है, जिसमें बजट प्रस्तावों को औपचारिक मंजूरी दी जाएगी। यह सत्र केवल आर्थिक चर्चा तक सीमित नहीं रहने वाला है। मतदाता सूची के संशोधन को लेकर शीतकालीन सत्र न होने के कारण तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच पहले से ही तनातनी बनी हुई है। तृणमूल ने इस मुद्दे पर चुनाव आयोग और भाजपा को घेरने की रणनीति बनाई है, जिससे सदन के भीतर तीखी नोकझोंक होने के पूरे आसार हैं। मात्र छह दिनों के इस छोटे से सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने की भी उम्मीद है, जो आगामी चुनावों की दिशा तय कर सकते हैं।

## नितिन नबीन चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए इस महीने करेंगे बंगाल का दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन इस महीने के अंत में पश्चिम बंगाल का दौरा कर सकते हैं। इस दौरान, वे विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वे 27-28 जनवरी को राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आ सकते हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नितिन नबीन राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई बैठकें करेंगे। इन बैठकों का उद्देश्य चुनाव से पहले संगठन की स्थिति को समझना और पार्टी की ताकत का आकलन करना होगा। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्य संगठन के सभी स्तरों के नेताओं से मिलने की योजना बना रहे हैं। एक वरिष्ठ राज्य भाजपा नेता ने बताया कि उनके दौरे के दौरान राज्य नेतृत्व के अलावा पार्टी के अलग-अलग मोर्चों, सेल और जिला इकाइयों के नेताओं के साथ कई बैठकें होंगी। इन बैठकों में राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर पार्टी के रुख पर भी चर्चा होने की संभावना है।

## दिल्ली से आ रहे हैं अतिरिक्त विशेष पर्यवेक्षक, गुरुवार को सीईओ करेंगे अहम बैठक

**कोलकाता :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग (ईसीआई) ने निगरानी और सख्त कर दी है। पहले से राज्य में कार्यरत रोल ऑब्जर्वर और स्पेशल रोल ऑब्जर्वरों के साथ-साथ अब दिल्ली से 12 और विशेष पर्यवेक्षकों को भेजने का निर्णय लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल इन सभी रोल ऑब्जर्वरों और विशेष पर्यवेक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे।

बैठक में विशेष रूप से उन जिलों पर चर्चा होगी, जिन्हें समस्याग्रस्त के रूप में चिह्नित किया गया है। विशेष पर्यवेक्षक इन जिलों में मतदाता सूची संशोधन के दौरान सामने आई त्रुटियों और विसंगतियों की गहन जांच करेंगे। इसके लिए वे जमीनी स्तर पर स्क्रूटिनी करेंगे और उसके बाद अपनी रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इन रिपोर्टों के आधार पर आगे की कार्रवाई और आवश्यक सुधारात्मक कदम तय किए जाएंगे। चुनाव आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित, पारदर्शी और विश्वसनीय हो, ताकि आगामी चुनावों में किसी भी तरह की अनियमितता की गुंजाइश न रहे।

### बैंक श्रमिक संगठनों ने हड़ताल पर ममता से मांगा नैतिक समर्थन

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी) ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से 27 जनवरी को बैंक कर्मचारियों की प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के लिए नैतिक समर्थन मांगा। मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र में, एआईबीओसी की पश्चिम बंगाल इकाई ने कहा कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) ने हड़ताल बुलाई है, क्योंकि भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने सप्ताह में पांच दिवसीय कामकाज लागू करने का बार-बार भरोसा दिलाया था, लेकिन वह अमल में नहीं आया और यह प्रस्ताव लगभग दो साल से केंद्रीय वित्त मंत्रालय के पास लंबित है। मुख्यमंत्री से समर्थन की मांग करते हुए, एआईबीओसी ने कहा कि उनके समर्थन से राज्य में बैंक कर्मचारियों को बढ़ावा मिलेगा, जो आम लोगों, किसानों, स्वयं सहायता समूहों की सेवा करने और सरकारी योजनाओं को लागू करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### चार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर निर्वाचन आयोग ने मुख्य सचिव से 72 घंटे में तलब की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** गलत तरीके से मतदाता सूची में नाम जोड़ने के आरोप के मामले से जुड़े चार अधिकारियों के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई को लेकर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ क्या कदम उठाए गए हैं, इसकी विस्तृत रिपोर्ट 72 घंटे के भीतर भेजी जाए। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह रिपोर्ट 24 जनवरी को शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से सौंपी जाए। आयोग ने अपने पत्र में यह भी जानना चाहा है कि किस अधिकारी या विभाग ने उसके निर्देशों का पालन नहीं किया और किन कारणों से आदेशों को लागू नहीं किया गया। आयोग ने निर्देश दिया है कि जिन अधिकारियों या विभागों ने आयोग के निर्देशों की अवहेलना करते हुए निर्णय लिया, उनसे लिखित स्पष्टीकरण लिया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि नियमों का पालन क्यों नहीं किया गया। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग ने चारों अधिकारियों के खिलाफ हुई पूरी जांच से संबंधित सभी दस्तावेज मांगे हैं, जिनमें लगाए गए आरोप, जांच रिपोर्ट, अधिकारियों के जवाब, दंडादेश और फाइल नोटिंग शामिल हैं। गौरतलब है कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के मोयना और दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में गलत ढंग से मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के आरोपों के बाद आयोग ने संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और निलंबन के निर्देश दिए थे। जिन चार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया गया था, वे हैं तथागत मंडल, देवोत्तम दत्तचौधुरी, विप्लब सरकार और सुदीप्त दास। ये सभी पश्चिम बंगाल सिविल सेवा के अधिकारी हैं।

## 'सारे नाम होंगे सार्वजनिक, कानून हाथ में लिया तो होगी कार्रवाई', चुनाव आयोग ने सीईओ को दिया आदेश

❑ **मुख्य सचिव-डीजीपी समेत कई अफसरों को कानून-व्यवस्था सुनिश्चित का निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में एसआईआर के दूसरे चरण को लेकर चुनाव आयोग ने स्थिति साफ कर दी है। मामले में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने राज्य के सभी नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी और अगर ऐसा किया गया तो सख्त कार्रवाई होगी। चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 24 जनवरी तक उन लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाएं, जिनके नाम मतदाता सूची में लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी (तार्किक विसंगति) या अनमैप्ड श्रेणी में आए हैं। ये नाम हर तालुका के ग्राम पंचायत भवन, ब्लॉक कार्यालय और शहरी इलाकों में वार्ड कार्यालयों में लगाए जाएंगे, ताकि लोग आसानी से जानकारी देख सकें। आयोग ने यह भी कहा है कि हर मतदान क्षेत्र के लिए एक तय जगह बनाई जाए, जैसे ग्राम पंचायत भवन, ब्लॉक ऑफिस या वार्ड ऑफिस, जहां प्रभावित लोग अपने दस्तावेज जमा कर सकें और अपनी बात रख सकें। यह जगह कोशिश की जाएगी कि मतदान केंद्र के पास ही हो। इसके अलावा, आयोग ने राहत देते हुए कहा है कि जिन लोगों ने अब तक अपने दावे, दस्तावेज या आपत्तियां जमा नहीं की हैं, उन्हें नाम सार्वजनिक होने की तारीख से अगले 10 दिनों तक का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस दौरान, वे तय कार्यालयों में जाकर अपने कागजात जमा कर सकते हैं या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही चुनाव आयोग का कहना है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से पूरी की जाएगी, ताकि किसी भी योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से न हटे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा बना रहे। दूसरी तरफ, चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी, कोलकाता पुलिस कमिश्नर, तमाम डीएम, सभी पुलिस आयुक्तों और एसपी को आदेश जारी किए हैं। आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान सख्त कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य के सभी नागरिकों को आश्वासन दिया है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसे सभी मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे** से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं तथा निविदा **अपराह्न 3.30 बजे** खोली जाएगी। **निविदा संख्या: टी-पीयूबी-जीआरसी-2026-422, दिनांक: 20.01.2026।** **कार्य का विवरण:** दो (02) वर्षों की अवधि के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय, गार्डनरीच की नॉर्थ कॉलोनी में कार्यालयों की पर्यावरण-सचेतन एकीकृत सफाई, कॉलोनी की स्वच्छता, आवर्जना प्रबंधन तथा पर्यावरण समर्थित सेवाओं सहित बायोगैस, स्लुइस वाल्व एवं कम्पोस्ट संयंत्र का परिचालन, रखरखाव हेतु आउटसोर्सिंग। **निविदा मूल्य:** ₹12,13,86,831.56। **बयाना राशि:** ₹ 7,56,900 (एमएसई फर्में बयाना राशि के भुगतान से छूट प्राप्त करने का दावा करने के लिए पात्र हैं)। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 । **खुलने की तारीख:** 11.02.2026। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 24 (चौबीस) महीना। निविदा अनुसूची, संशोधनी, शुद्धि पत्र में कोई भी परिवर्तन, यदि कोई हो, सिर्फ ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध होगी तथा उसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। हेल्प डेस्क संपर्क नंबर 033-2450-3783। (PR-1081)



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्किंग लॉट के संचालन हेतु संविदा प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा (नई डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे म्यूजियम के निकट, हावड़ा, पिन-711101) द्वारा **हावड़ा मंडल के तहत कालीनगर स्टेशन में 03 वर्षों की अवधि के लिए पार्किंग लॉट के संचालन के लिए संविदा प्रदान करने** हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए **ई-नीलामी लीजिंग** प्रारूप देखें। **सूचीपत्र सं.:** पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-जेएएन-1, **नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 03.02.2026 को अपराह्न 02.00 बजे। **लॉट सं.:** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-केएलएनटी-टीडब्ल्यू-60-26-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); **स्टेशन का नाम:** कालीनगर। (HWH-555/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**मुहरबंद संविदा दर आमंत्रण सूचना**

**रेलवे पैसेंजर टिकटिंग सिस्टम हेतु यूटीएस, रेल वन ऐप के प्रसार के लिए**

**संविदा दर सूचना सं.: सीओएम/सीएफ/मोबाइल-टीकेटी/कोटेशन/एचडब्ल्यूएच/26 दिनांक 22.01.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा सीनि. डीसीएम/पूर्व रेलवे, हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन क्यूआर कोड बोर्ड, स्टैंडी तथा रंगीन पोस्टर द्वारा रेलवे पैसेंजर टिकटिंग सिस्टम के लिए यूटीएस, रेल वन ऐप के प्रसार कार्य के लिए मुहरबंद संविदा दर आमंत्रित की जाती है। सामग्रियों एवं कार्य की विस्तृत अनुसूची (परिशिष्ट-ए एवं बी में) के लिए कृपया **www.er.indianrailways.gov.in** देखें एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग (पहली मंजिल), (रेल म्यूजियम के निकट), हावड़ा-711101 से सम्पर्क करें। ●**संविदा दर अनुसूची:- कार्य की कुल लागत:** रु. 4,78,254. **अधिसूचना की तारीख:** 22.01.2026. **मुहरबंद संविदा दर जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 30.01.2026 को 14:30 बजे। **खुलने की तारीख एवं समय:** 30.01.2026 को 15:00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 60 दिन। **वेबसाइट का पता, संविदा दर प्रपत्र एवं दस्तावेज उपलब्ध होने की तारीख एवं समय: www.er.indianrailways.gov.in** एवं दिनांक 22.01.2026 को 00:05 बजे से। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**



**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/ कर्षण-वितरण/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हो) आई. ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **(1)** एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2025-08 दिनांक 19.01.2026. **(2) कार्य का नाम:** जबलपुर डिवीजन के खुरई, पथरिया और बागरातवा स्टेशनों पर प्रत्येक में 01 लोडिंग लाइन की व्यवस्था के लिए नए माल गोदामों का निर्माण और 02 अतिरिक्त लोडिंग/अनलोडिंग लाइन, नया शंटिंग नेक और डबल एन्ट्रि लाइन की व्यवस्था तथा केमा स्टेशन पर गिट्टी साइडिंग की व्यवस्था। **(3) कार्य स्थल:** जबलपुर मंडल **(4) कार्य की अवधि:** 12 माह **(5) कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** ₹ 5,00,06,570.89/- (रुपये पाँच करोड़ छः हजार पाँच सौ सत्तर और नवासी पैसे मात्र) **(6) बयाना राशि:** ₹4,00,000.00/- **(7) निविदा जमा करने/ खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** 13.02.2026 15:00 बजे/13.02.2026 15:30 बजे **(8) निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट:** https://www.ireps.gov.in **(9)** निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेंडर फॉर्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

(हस्ता.)

वरि.मं.वि. इंजी./क.वि., प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

उप मुख्य विद्युत अभियंता / ब्लू लाइन मेट्रो रेलवे, कोलकाता, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करता है: **कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता के आरपीएफ बैरक के नवीनीकरण के लिए विद्युत कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** ₹1,76,87,311.30। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 16.02.2026 को 15:00 बजे (भा.मा.स.)। **पूर्व-निविदा बैठक की तिथि:** 27.01.2026 को 12:00 बजे (भा.मा.स.)। **नोटिस बोर्ड का पता:** प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता, मेट्रो रेलवे का कार्यालय, 33/1, जे.एल. नेहरू रोड, कोलकाता – 700 071। **वेबसाइट विवरण: https://www.ireps.gov.in**

**निविदा संख्या: ELM153_RPF-BRK_D-14-01-26**

Follow us at: /metrorailwaykol /metrorailkolkata



e-Tender Notice

**Siddhinath Mahavidyalaya**

The Principal, Siddhinath Mahavidyalaya, PO- Shyamsundapur Patna, Dist.- Purba Medinipur invites percentage rate eTenders. NIT No. SM/01/2025-26 dt. 20/01/2026. Information details are available in the website https://wbtenders.gov.in

Sd/-
Principal,
Siddhinath Mahavidyalaya
PO- Shyamsundapur Patna,
Dist.- Purba Medinipur



**एसएमवीटी बेंगलुरु-अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस**

**नियमित यात्रा**

एसएमवीटी बेंगलुरु एवं अलीपुरद्वार के बीच एक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारम्भ किया गया है। **एसएमवीटी बेंगलुरु से 16597 एसएमवीटी बेंगलुरु - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** की नियमित सेवा **दिनांक 24.01.2026** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) से शुरू होगी एवं **अलीपुरद्वार** से **16598 अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** की नियमित सेवा **दिनांक 26.01.2026** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) से शुरू होगी। यह ट्रेन नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव तथा गठन के अनुसार चलेगी:

| एसएमवीटी बेंगलुरु-अलीपुद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस | | | 16597 16598 | अलीपुद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| शनि | - | 08.50 | ↓ एसएमवीटी बेंगलुरु | 03.00 | - | गुरु |
| रवि | 05.58 | 06.00 | श्रीकाकुलम रोड | 02.43 | 02.45 | बुध |
| | 19.05 | 19.10 | डानकुनी | 13.35 | 13.40 | मंगल |
| | 20.00 | 20.02 | बर्द्धमान | 12.25 | 12.27 | |
| | 20.44 | 20.46 | बोलपुर (शांतिनिकेतन) | 10.55 | 10.57 | |
| | 21.36 | 21.38 | रामपुरहाट | 09.48 | 09.53 | |
| सोम | 01.00 | 01.10 | मालदा टाउन | 07.25 | 07.35 | |
| | 10.25 | - | अलीपुरद्वार ↑ | - | 22.25 | सोम |

ऊपर उल्लेखित ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में कृष्णराजपुरम, बंगारपेट जंक्शन, कुप्पम, जोलारपेट्टै जंक्शन, कटपडी जंक्शन, रेनीगुंटा जंक्शन, नेल्लौर, ओंगोल, चिराला, तेनाली जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, एलूरू, राजमंड्री, सामलकोट जंक्शन, अनकापल्ली, दुव्वाडा, पेन्दुर्ति, कोत्तवलसा, विजयनगरम जंक्शन, पलासा, ब्रह्मपुर, बालुगाँव, खोरधा रोड जंक्शन, भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर केन्दुझर रोड, भद्रक, बालेश्वर, खड़गपुर जंक्शन, आंदुल, बारसोई जंक्शन, किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी जंक्शन, बिन्नागुड़ी एवं हासीमारा स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा के दिन : एसएमवीटी बेंगलुरु से: 16597** दिनांक 24.01.2026 से **प्रत्येक शनिवार** तथा **अलीपुरद्वार से: 16598** दिनांक 26.01.2026 से **प्रत्येक सोमवार**। **गठन:** शयनयान श्रेणी-8, साधारण द्वितीय श्रेणी-11, रसोई यान-1, पावर कार-2 = 22 कोच। **श्रेणी:** अमृत भारत एक्सप्रेस। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**



**एसएमवीटी बेंगलुरु-बालुरघाट-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस**

**शुद्धिपत्र**

एसएमवीटी बेंगलुरु एवं बालुरघाट के बीच शुभारम्भ की गई नई ट्रेन सेवा की नियमित यात्रा के संबंध में इस समाचार पत्र में दिनांक 21/01/2026 को प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञापन के संदर्भ में, यह उल्लेख किया जाता है कि **16524 बालुरघाट-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस** की **एसएमवीटी बेंगलुरु में** समय-सूची को प्रस्थान: 03:00 बजे के स्थान पर **आगमन: 03:00** के रूप में पढ़ें।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं (सीनि. डीईएन/3/हावड़ा) : क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 254_2025-26, दिनांक 20.01.2026, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल : हावड़ा मंडल में सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/कटवा के अधीन निम्नलिखित स्थानों पर सेस मरम्मत - 124768 घन मी :- अहमदपुर-कटवा : एलवीपी लूप 1 0-0.800 = 895 घन मी, एलवीपी लूप 3 0 - 0.800 = 882 घन मी, एसएल 0.760 - 5.700 = 28780 घन मी, 6.000 - 9.200 = 15136 घन मी, 12.000 - 16.000 = 20000 घन मी, 18.000 - 21.000 = 15000 घन मी, 29.000 - 29.950 = 8200 घन मी, 31.100 - 31.550 = 2822 घन मी, 33.750 - 35.100 = 9872 घन मी, 38.500 - 39.000 = 3135 घन मी, 40.000 - 48.000 = 12738 घन मी, 49.110 - 49.980 = 7308 घन मी। अनुमानित लागत: रु. 4,07,04,907.81; बयाना राशि: रु. 3,53,500। क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 255_2025-26, दिनांक 20.01.2026, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल : हावड़ा मंडल में सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/कटवा के अधीन निम्नलिखित स्थानों पर सेस मरम्मत - 105218 घन मी :- बर्द्धमान-कटवा : बीसीएफ लूप 1 0 - 0.400 = 399 घन मी, बीसीएफ लूप 3 0 - 0.200 = 195 घन मी, एसएल - 32.200 - 34.000 = 1872 घन मी, 46.000 - 47.000 = 1152 घन मी, बैण्डेल-कटवा : डाउन 92.330 - 93.430 = 7500 घन मी, 98.480 - 98.580 = 660 घन मी, 99.480 - 99.615 = 945 घन मी, 103.160 - 104.395 = 8645 घन मी, अप 92.390 - 93.103 = 5990 घन मी, 98.404 - 98.630 = 1582 घन मी, 98.480 - 98.600 = 700 घन मी, 99.627 - 99.774 = 1071 घन मी, कटवा-आजिमगंज : डाउन 107.200 - 107.250 = 350 घन मी, 111.345 - 111.620 = 2118 घन मी, 115.550 - 116.230 = 4488 घन मी, 123.330 - 123.880 = 4620 घन मी, 124.325 - 124.670 = 2898 घन मी, 125.000 - 128.370 = 23590 घन मी, अप 108.540 - 108.925 = 1386 घन मी, 109.880 - 110.810 = 7161 घन मी, 110.910 - 111.685 = 5425 घन मी, 112.590 - 113.711 = 9417 घन मी, 115.550 - 116.232 = 5729 घन मी, 124.281 - 125.153 = 7325 घन मी। अनुमानित लागत : रु. 3,42,98,817.51; बयाना राशि: रु. 3,21,500। समापन अवधि: दोनों के लिए स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 10.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-553/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**सियालदह मंडल के परिचालन विभाग में सेवानिवृत्त पॉइंट्स मैन की पुन:नियुक्ति**

**अधिसूचना**

**पॉइंट्स मैन-बी, लेवल-1 में 25** रिक्त पदों को अनुबंध के आधार पर भरने के लिए परिचालन विभाग के इच्छुक सेवानिवृत्त पॉइंट्स मैन से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **आयु सीमा:** 64 वर्ष 06 माह। इच्छुक कर्मचारी अपने ऑफलाइन आवेदन निर्धारित प्रारूप में सीएच.ओएस/ई-22/पर्सोनल शाखा, पूर्व रेलवे, सियालदह के पते पर या ऑनलाइन आवेदन ई-मेल आईडी: **srdposdah@gmail.com** के माध्यम से दिनांक **10.02.2026 को 18.30 बजे** तक जमा कर सकते हैं। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। विस्तृत अधिसूचना और आवेदन के प्रारूप के लिए, कृपया रेलवे की वेबसाइट: https://er.indianrailways.gov.in/cris//uploads/files/1768906421855-Re-engagement%20of%20retired%20Points%20Man%20as%20Points%20Man%20against%20vacant%20post%20on%20contractual%20basis%20in%20Operating%20Department.pdf देखें।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**हावड़ा मंडल के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के हावड़ा-बैण्डेल अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 03 (किमी. 16/1-3) पर सीमित ऊंचाई के सबवे कार्य के संबंध में वर्तमान ओवरहेड उपकरण क्रॉस-ओवर को हटाने सहित अभियांत्रिकी एवं ओवरहेड उपकरण कार्य के लिए डाउन, अप एवं रिवर्सल लाइन पर **दिनांक 23.01.2026 (शुक्रवार) से 31.01.2026 (शुक्रवार) तक** बीच-बीच में **08 रातों को ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, ब्लॉक के दिनों नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:-

● **दिनांक 24.01.2026 (शनिवार) को: नियंत्रण: (1) 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 23.01.2026) मार्ग में 45 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(2) 13022 रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 23.01.2026) मार्ग में 25 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी।

● **दिनांक 25.01.2026 (रविवार) एवं 26.01.2026 (सोमवार) को : मार्ग परिवर्तन: 63501 हावड़ा-बर्द्धमान एमईएमयू** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 25.01.2026 एवं 26.01.2026) परिवर्तित मार्ग हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन होकर चलेगी।

● **दिनांक 27.01.2026 (मंगलवार): पुनर्निर्धारण: डाउन ट्रेनें : (1) 13034 कटिहार-हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.01.2026) कटिहार से अपराह्न 03.30 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय शाम 06.30 बजे रवाना होगी। **(2) 13024 गया-हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.01.2026) गया से दोपहर 12.10 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय अपराह्न 02.10 बजे रवाना होगी।

**नियंत्रण: डाउन ट्रेनें : (1) 53002 आजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.01.2026) मार्ग में आजिमगंज एवं बैण्डेल के बीच 120 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(2) 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.01.2026) मार्ग में 90 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(3) 13022 रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.01.2026) मार्ग में 60 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(4) 15962 डिब्रुगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.01.2026) मार्ग में 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **निरस्तीकरण: डाउन ट्रेन** - 37212 बैण्डेल-हावड़ा लोकल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 27.01.2026)। **अप ट्रेन**- 37213 हावड़ा-बैण्डेल लोकल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 27.01.2026)।

● **दिनांक 29.01.2026 (गुरुवार) तथा 30.01.2026 (शुक्रवार) : मार्ग परिवर्तन: 63501 हावड़ा-बर्द्धमान एमईएमयू** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 29.01.2026 एवं 30.01.2026) परिवर्तित मार्ग हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन होकर चलेगी।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल अथवा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें एवं बाद में चलाई जाने वाली नई ट्रेनें/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**परीक्षण के आधार पर कुछ ट्रेनों का ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, निम्नलिखित ट्रेनें परीक्षण के आधार पर उनके सामने दिए गए स्टेशनों पर निम्नानुसार रुकेंगी :

| ट्रेन संख्या और नाम | स्टेशन | समय आ. | समय प्र. | ठहराव (से प्रभावी) |
|---|---|---|---|---|
| 13145 कोलकाता-राधिकापुर एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 22.01.2026 से] | धुलियानगंगा | 01.50 | 01.52 | 23.01.2026 |
| | नीमतीता | 01.42 | 01.44 | |
| 13163 सियालदह-सहरसा एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 22.01.2026 से] | धुलियानगंगा | 03.02 | 03.04 | 23.01.2026 |
| 13164 सहरसा-सियालदह एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 23.01.2026 से] | धुलियानगंगा | 23.33 | 23.35 | 23.01.2026 |
| 15643 पुरी-कामाख्या एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 24.01.2026 से] | जंगीपुर रोड | 12.43 | 12.45 | 25.01.2026 |
| 15644 कामाख्या-पुरी एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 22.01.2026 से] | जंगीपुर रोड | 15.00 | 15.02 | 23.01.2026 |
| 13063 हावड़ा-बालुरघाट एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 23.01.2026 से] | जंगीपुर रोड | 12.43 | 12.45 | 23.01.2026 |
| | नीमतीता | 12.58 | 13.00 | |
| 13064 बालुरघाट-हावड़ा एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 22.01.2026 से] | जंगीपुर रोड | 00.14 | 00.16 | 23.01.2026 |
| | नीमतीता | 00.02 | 00.04 | |
| 15721 दीघा-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 24.01.2026 से] | जंगीपुर रोड | 02.16 | 02.18 | 25.01.2026 |
| | नीमतीता | 02.36 | 02.38 | |
| 15722 न्यू जलपाईगुड़ी-दीघा एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 23.01.2026 से] | जंगीपुर रोड | 02.05 | 02.07 | 24.01.2026 |
| | नीमतीता | 01.50 | 01.52 | |
| 13034 कटिहार-हावड़ा एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 23.01.2026 से] | महिपाल रोड | 20.55 | 20.57 | 23.01.2026 |
| 13033 हावड़ा-कटिहार एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 22.01.2026 से] | मणिग्राम | 04.21 | 04.23 | 23.01.2026 |
| 13465 हावड़ा-मालदा टाउन एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 23.01.2026 से] | मणिग्राम | 18.19 | 18.21 | 23.01.2026 |
| 13466 मालदा टाउन-हावड़ा एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 23.01.2026 से] | मणिग्राम | 07.38 | 07.40 | 23.01.2026 |
| 13146 राधिकापुर-कोलकाता एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 22.01.2026 से] | नीमतीता | 01.18 | 01.20 | 23.01.2026 |
| 12517 कोलकाता-गुवाहाटी एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 22.01.2026 से] | नीमतीता | 02.36 | 02.38 | 23.01.2026 |
| 12518 गुवाहाटी-कोलकाता एक्सप्रेस [(यात्रा शुरू) 24.01.2026 से] | नीमतीता | 09.10 | 09.12 | 25.01.2026 |

**द्रष्टव्य-** अन्य सभी स्टेशनों पर इन ट्रेनों की समय-सूची अपरिवर्तित रहेगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

# पश्चिम बंगाल को 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाना चाहती हैं दीदी : मिथुन चक्रवर्ती



**बीरभूम :** जिले में बुधवार को आयोजित भाजपा की परिवर्तन सभा में पहुंचे वरिष्ठ नेता मिथुन चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाने की कोशिश कर रही हैं। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि मुख्यमंत्री चाहती हैं कि अधिक से अधिक घुसपैठिए बंगाल में आएं और उनके सहारे राज्य की पहचान बदली जाए। उन्होंने मंच से कहा कि जब तक उनके शरीर में खून की एक बूंद भी है, तब तक कोई भी पश्चिम बंगाल को पश्चिम बांग्लादेश नहीं बना सकता। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि बंगाल बांग्लियों का है, हिंदुओं का है और सनातनियों का है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अब समय आ गया है कि सभी एकजुट होकर एक छत के नीचे आएं और मौजूदा सरकार को सत्ता से हटाएं। उन्होंने साफ किया कि भाजपा किसी भी भारतीय मुसलमान के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन लोगों के खिलाफ है जो देश में रहकर देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

**✒ घुसपैठ को लेकर गंभीर भाजपा गंभीर आरोप**

उन्होंने आरोप लगाया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर अब तक बाड़ इसलिए नहीं लगाई गई क्योंकि ऐसा होने से घुसपैठ रुक जाएगी, जो मौजूदा सरकार नहीं चाहती। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि बंगाल की करीब 400 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अब तक बाड़ नहीं लगाई गई है। प्रधानमंत्री ने कई बार राज्य सरकार को पत्र लिखकर जमीन उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन राज्य सरकार ने सहयोग नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर सीमा पर बाड़ लग गई तो अवैध घुसपैठ रुक जाएगी और पश्चिम बंगाल को 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाने की साजिश नाकाम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इसके खिलाफ आखिरी सांस तक लड़ेंगे।

**✒ ईडी रेड और फाइल ले जाने पर उठाए सवाल**

मिथुन चक्रवर्ती ने आई-पैक कार्यालय पर हुई ईडी रेड को लेकर भी मुख्यमंत्री पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई भाजपा की एजेंसियां नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्र संस्थाएं हैं। इसके बावजूद, सरकार लगातार भाजपा पर आरोप लगा रही है। उन्होंने सवाल किया कि ईडी की रेड के दौरान मुख्यमंत्री जिस फाइल को अपने साथ ले गईं, उसमें आखिर क्या था? उन्होंने आशंका जताई कि उस फाइल में कोयला, बालू, राशन और अन्य घोटालों से जुड़ा हिसाब-किताब हो सकता है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि शायद इसी डर से फाइल को जल्दबाजी में हटा लिया गया और बाद में उसे चुनावी रणनीति का दस्तावेज बताया गया।

## पुरुलिया में एसआईआर के भय से आदिवासी बुजुर्ग की मौत मामले में चुनाव आयोग पर एफआईआर दर्ज




**पुरुलिया :** पुरुलिया में आदिवासी बुजुर्ग की कथित आत्महत्या के मामले में पुलिस ने निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह मामला विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सुनवाई से कथित तौर पर भय के कारण आत्महत्या करने के आरोप से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक, बीत वर्ष 29 दिसंबर को पुरुलिया जिले में पारा ब्लॉक के अनारा ग्राम पंचायत अंतर्गत चौताला गांव निवासी दुर्जन माझी (82) ने परिवार से कहा था कि वह टोटो (बैटरी चालित ऑटो) बुक कराने जा रहे हैं। इसके बाद, उन्होंने अपने घर के पास रेलवे ट्रैक पर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। उसी दिन उनकी एसआईआर से संबंधित सुनवाई पारा ब्लॉक कार्यालय में निर्धारित थी। घटना के बाद मृतक के पुत्र कनाई माझी ने पारा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। अब मामले में औपचारिक एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को दर्ज मामले में 'आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश' की धाराएं लगाई गई हैं। एफआईआर में 'अज्ञात अधिकारी तथा भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी' नामजद किए गए हैं।

## धरना-प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचीं मिड-डे मील कर्मी

**कोलकाता :** वेतन की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करने गई मिड-डे मील कर्मियों की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के मामले ने अब कानूनी रूप ले लिया है। पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ मिड-डे मील कर्मी कोलकाता हाईकोर्ट पहुंचीं, जहां न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने मामले में याचिका दायर करने की अनुमति दे दी है। याचिका दायर होने के बाद मामले की सुनवाई होने की संभावना जताई जा रही है। मिड-डे मील कर्मियों का आरोप है कि शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन के दौरान उन्हें अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया और बाद में जमानत भी नहीं दी गई। गिरफ्तारी के बाद जब कर्मियों ने जमानत के लिए आवेदन किया, तो उसे खारिज कर दिया गया, जिससे वे और उनके परिवार गंभीर संकट में पड़ गए हैं। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता शामीम अहमद ने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयर' मामलों को छोड़कर, ऐसे मामलों में जमानत दिए जाने का प्रावधान है, खासकर जब संभावित सजा सात वर्ष से कम हो। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार की गई अधिकांश मिड-डे मील कर्मियों के घर छोटे और दुधपोष्य बच्चे हैं, जिनकी देखभाल पूरी तरह इन्हीं महिलाओं पर निर्भर है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मिड-डे मील कर्मियों ने पुलिस की कथित अति-सक्रियता पर सवाल उठाते हुए हाईकोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की है। अब याचिका दायर होने के बाद अदालत की अगली सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के 100 से अधिक स्टोर्स को आईएजीईएस की मान्यता

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स को देशभर में स्थित उसके 100 से अधिक स्टोर्स के लिए इंडियन एसोसिएशन फॉर गोल्ड एक्सीलेंस एंड स्टैंडर्ड्स (आईएजीईएस) की मान्यता प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि कंपनी की ईमानदार, पारदर्शी और ग्राहक-केंद्रित कारोबारी नीतियों को दर्शाती है तथा भारतीय स्वर्ण आभूषण उद्योग में भरोसेमंद मानकों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स पिछले आठ दशकों से भारतीय आभूषण रिटेल क्षेत्र में गुणवत्ता, शुद्धता और उत्कृष्ट कारीगरी का पर्याय रहा है। देशभर में फैले 100 से अधिक स्टोर्स के माध्यम से कंपनी सोना, हीरा, प्लेटिनम और चांदी के आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराती है। आईएजीईएस



सुवंकर सेन, एमडी और सीईओ, सेन्को गोल्ड लिमिटेड

भारतीय स्वर्ण उद्योग की एक स्व-नियामक संस्था है, जिसका उद्देश्य सोने के व्यापार में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और उपभोक्ता विश्वास को बढ़ावा देना है। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुवंकर सेन ने कहा कि जैसे-जैसे भारतीय स्वर्ण उद्योग अधिक संगठित हो रहा है, आईएजीईएस जैसे मानकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने बताया कि कंपनी पहले से ही बीआईएस और रिस्पॉन्सिबल ज्वेलरी काउंसिल जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करती आ रही है, इसलिए आईएजीईएस को अपनाना उसके लिए स्वाभाविक कदम था। वहीं, आईएजीईएस के सीईओ कौशलेंद्र सिन्हा ने कहा कि सेन्को जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड का इस मान्यता से जुड़ना पूरे उद्योग को ईमानदारी, पारदर्शिता और ग्राहक विश्वास की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश देता है। आईएजीईएस वर्तमान में पूरे देश में उपभोक्ता जागरूकता अभियान चला रहा है, जिसका नाम है पहलाचेकआईएजीईएस। इसका उद्देश्य यह है कि ग्राहक अपने सोने के रिटेलर को चुनने से पहले हमेशा यह जांच लें कि उसके पास आईएजीईएस की मान्यता है या नहीं।

## एसएससी ने 11वीं और 12वीं के शिक्षकों की अंतिम मेरिट सूची की प्रकाशित

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने बुधवार को कक्षा 11वीं और 12वीं के शिक्षकों की भर्ती के लिए अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। इस बार, उत्तीर्ण उम्मीदवारों की पूरी सूची के साथ-साथ अनुत्तीर्ण उम्मीदवारों की सूची भी जारी की गई है। यानी, सभी उम्मीदवार यह जान सकेंगे कि वे उत्तीर्ण हुए हैं या अनुत्तीर्ण। परंपरा के अनुसार, प्रतीक्षा सूची भी जारी कर दी गई है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो कक्षा 11वीं और 12वीं के शिक्षकों की भर्ती के लिए काउंसलिंग इस महीने के आखिरी सप्ताह से शुरू हो जाएगी। इस काउंसलिंग के दौरान शिक्षक मेरिट सूची के आधार पर अपने स्कूल का चयन भी कर सकेंगे। हालांकि, एसएससी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने बताया है कि 12,445 रिक्त पदों की भर्ती के लिए मेरिट सूची में शामिल सभी शिक्षकों की काउंसलिंग के बाद स्कूल आवंटन या स्कूल चयन प्रक्रिया पूरी होने में कई महीने लग सकते हैं। विकास भवन सूत्रों के अनुसार, मेरिट सूची प्रकाशित होने के बाद सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस की छुट्टियों के कारण काउंसलिंग और स्कूल चयन प्रक्रिया 27 जनवरी से पहले शुरू करना संभव नहीं होगा। हालांकि, राज्य सरकार इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक भर्ती के लिए समय सीमा अगस्त 2026 तक बढ़ा दी है, लेकिन राज्य सरकार विधानसभा चुनाव से पहले शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को पूरा करना चाहती है।

### बजट में संरचनागत सुधार जारी रहने की संभावना है : पीएल कैपिटल

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल की इंडिया स्ट्रैटेजी रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय इक्विटी बाजार वैश्विक भू-राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि और अमेरिका के साथ निरंतर टैरिफ-संबंधित अनिश्चितताओं के बीच हाल की ज्यादातर बढ़त को छोड़कर बड़े पैमाने पर रेंज-बाउंड हो गए हैं। हालांकि, घरेलू मांग संकेतक और मैक्रो फंडामेंटल्स नीति-समर्थित उतार-चढ़ाव के समर्थन से लचीलापन दिखाते रहते हैं। अमनीश अग्रवाल, को-हेड इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज, पीएल कैपिटल ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनी रहेगी। इसका कारण मजबूत सहायक चीजों के फायदे हैं, जैसे इनकम टैक्स की दरों में कटौती, रेपो रेट में कुल 125 आधार अंकों की कमी, सामान्य मानसून, पिछले दस साल की सबसे कम महंगाई, और जीएसटी दरों का सरल बनाना।

## दार्जिलिंग में अवैध निर्माण पर रोक, हाई कोर्ट का बड़ा अंतरिम आदेश

**कोलकाता :** दार्जिलिंग नगरपालिका क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को अदालत ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया कि दार्जिलिंग नगरपालिका इलाके में अब कोई भी अवैध निर्माण नहीं किया जा सकेगा। इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सीधे दार्जिलिंग नगरपालिका को सौंपी गई है।अदालत सूत्रों के अनुसार, दार्जिलिंग नगरपालिका क्षेत्र में लगभग 50 अवैध मकानों का निर्माण किया गया है। सूचना का अधिकार कानून (आरटीआई) के तहत प्राप्त एक दस्तावेज हाल ही में



हाईकोर्ट में पेश किया गया, जिसमें इन अवैध निर्माणों का विस्तृत विवरण सामने आया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी हाईकोर्ट ने अलग-अलग आदेशों के माध्यम से इन मकानों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक उन आदेशों को अमल में नहीं लाया गया। इसी पृष्ठभूमि में दार्जिलिंग में अवैध निर्माण को लेकर एक जनहित याचिका दायर की गई थी। उसी याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की खंडपीठ ने यह अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने अपने आदेश में साफ कहा है कि दार्जिलिंग नगरपालिका को नियमित निगरानी रखनी होगी, ताकि हाईकोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए कहीं भी नया अवैध निर्माण न हो सके। साथ ही, जिन अवैध मकानों की पहले पहचान की जा चुकी है, उनके खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इस संबंध में भी नगरपालिका को अदालत में रिपोर्ट पेश करनी पड़ सकती है।

## एसएमवीटी बेंगलुरु-अलीपुरद्वार के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू

### 24 जनवरी से होगा संचालन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत के बीच रेल संपर्क को और मजबूत करते हुए रेलवे ने एसएमवीटी बेंगलुरु-अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू करने का निर्णय लिया है। इस नई सेवा के शुरू होने से दोनों क्षेत्रों के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में बेहतर सुविधा मिलेगी। ट्रेन संख्या 16597 एसएमवीटी बेंगलुरु-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन 24 जनवरी 2026 से किया जाएगा। यह ट्रेन प्रत्येक शनिवार सुबह 08:50 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 10:25 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 16598 अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन 26 जनवरी 2026 से शुरू होगा। यह ट्रेन प्रत्येक सोमवार रात 22:25 बजे अलीपुरद्वार से रवाना होकर चौथे दिन सुबह 03:00 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में बालेश्वर, खड़गपुर और आंदुल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। नई अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन से यात्रियों को अधिक आरामदायक, सुरक्षित और समयबद्ध रेल सेवा उपलब्ध होगी।

## एसआईआर को लेकर लोगों को गुमराह कर रही है टीएमसी : सुकांत मजूमदार

**उत्तर दिनाजपुर :** केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने बुधवार को राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र बालुरघाट में राज्य में कथित भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार और खराब कानून-व्यवस्था की स्थिति के खिलाफ एक रैली का नेतृत्व किया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मजूमदार ने उत्तर दिनाजपुर जिले में सिलीगुड़ी क्रॉसिंग से रायगंज रेलवे स्टेशन तक लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' का नेतृत्व किया। उन्होंने रैली को



संबोधित करते हुए कहा कि कई राज्यों में एसआईआर हो रहा है, लेकिन बंगाल में टीएमसी इस अभ्यास से डर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के मसौदा सूची में से लगभग 58 लाख नाम हटाए गए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में दो करोड़ नाम हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार हटाए जाने वाले नामों को लेकर चिंतित नहीं है, लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी चिंतित है। मजूमदार ने कहा कि क्योंकि पार्टी को डर है कि अगर मतदाता सूची से गलत नाम हटाए गए तो वह हार जाएगी। वह एसआईआर को लेकर लोगों को गुमराह कर रही है।

## हड़ोआ में एसआईआर के सुनवाई के भय से वृद्ध की मौत, परिवार का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जिसके बाद परिवार ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद को लेकर चिंता के कारण उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सहर अली मंडल (67) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि वह एक परिवार के पांच सदस्यों में से एक थे, जिन्हें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बुधवार को सुनवाई के लिए नोटिस मिला था। उन्होंने बताया कि यह घटना मंगलवार की रात हड़ोआ के पूर्व मदारतला गांव में घटी। परिवार के सदस्यों का दावा है कि नोटिस मिलने के बाद से ही मंडल गंभीर मानसिक तनाव में थे, उन्हें मतदाता सूची में अपने बेटों के नामों की स्थिति और संभावित कानूनी या प्रशासनिक जटिलताओं की चिंता सता रही थी।

## केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर इंटक ने हड़ताल समर्थन में सभा की



**हावड़ा :** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की पुकार पर 12 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल के समर्थन में केंद्रीय ट्रेड यूनियन (इंटक) की ओर से जमुनालाल बजाज स्ट्रीट स्थित बड़ा बाजार क्षेत्र में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा का नेतृत्व बड़ा बाजार जिला (इंटक) के कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा 'मुन्ना' ने किया। हड़ताल के समर्थन में सभा को संबोधित किये (इंटक) के प्रदेश अध्यक्ष कमरूजमान कमर, कामाख्या नारायण सिंह (पार्षद) उत्तरपाडा, कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष ख्वाजा अहमद, हावड़ा जिला इंटक सुनील सिंह, वरिष्ठ मजदूर नेता बीपी सिंह, शिवजी पांडे, रामकृपाल मिश्रा, सुशील सिंह, महिला नेत्री स्वीटी खान सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन श्रमिक नेता तारकेश राय 'पिंटू' ने किया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी की आम हड़ताल में सभी वर्गों के लोगों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का अनुरोध किया।

## 21वीं ऑल इंडिया रेलवे जैम्बोरीट का लिलुआ में सफल समापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा लिलुआ स्थित डब्ल्यूएसए ग्राउंड में आयोजित 21वीं ऑल इंडिया रेलवे जैम्बोरीट का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 17 से 21 जनवरी तक चले इस द्विवार्षिक राष्ट्रीय आयोजन में देशभर के विभिन्न रेलवे ज़ोन से आए स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स और यूनिट लीडर्स ने भाग लिया। ट्रैक टू टुमॉरो - कैरेक्टर का निर्माण, भारत को सशक्त बनाना विषय पर आधारित इस पांच दिवसीय महाआयोजन में 15 जोनल रेलवे से कुल 2,521 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन स्थल एक जीवंत और अनुशासित शिविर में तब्दील हो गया, जहां स्काउट-गाइड आंदोलन के मूल्यों-एकता, सेवा, रचनात्मकता और नेतृत्व-का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला।



जैम्बोरीट के दौरान प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें पेजेंट शो, बैंड प्रदर्शन, मार्च पास्ट, लोक एवं रचनात्मक नृत्य, पायनियरिंग प्रोजेक्ट्स, प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी, कैंपफायर, फैशन शो, फायरलेस कुकिंग, शारीरिक प्रदर्शन तथा कौशल आधारित कार्यक्रम शामिल रहे। इसके अलावा दक्षिणेश्वर काली मंदिर और बेलूर मठ के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण और फ्लैश मॉब कार्यक्रमों ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। समापन दिवस पर वेटरन्स मीट और ट्रेनर्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ स्काउट्स, गाइड्स और प्रशिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले पूर्व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं सहित कई सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महानिदेशक/मानव संसाधन एवं सचिव, रेलवे बोर्ड सुश्री अरुणा नायर और पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर सहित वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में वक्ताओं ने स्काउट्स एवं गाइड्स की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताते हुए उनकी सराहना की। समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें पूर्व रेलवे ने प्रथम, दक्षिण पूर्व रेलवे ने द्वितीय और दक्षिण रेलवे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कोलकाता मेट्रो 23 जनवरी को ब्लू और येलो लाइन में चलाएगी स्पेशल सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता मेट्रो द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और सरस्वती पूजा के अवसर पर 23 जनवरी को ब्लू लाइन और येलो लाइन पर स्पेशल मेट्रो सेवाएं चलायी जा रही है। ब्लू लाइन में इस दिन कुल 236 सेवाएं (118 अप और 118 डाउन) चलाई जाएंगी, जो सामान्य दिनों की 272 सेवाओं से कम होंगी। इसके अतिरिक्त, नोआपाड़ा से दक्षिणेश्वर के लिए 2 अप सेवाएं भी संचालित होंगी। पहली मेट्रो सेवा महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर और दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम के लिए सुबह 6:55 बजे रवाना होगी, जबकि शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर की पहली सेवा सुबह 6:54 बजे चलेगी। अंतिम सेवाओं में दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम के लिए रात 9:28 बजे और शहीद खुदीराम से नोआपाड़ा के लिए रात 9:43 बजे अंतिम मेट्रो उपलब्ध रहेगी।

येलो लाइन में 23 जनवरी को कुल 92 सेवाएं (46 अप और 46 डाउन) संचालित की जाएंगी। पहली सेवा नोआपाड़ा से जय हिंद बिमानबंदर के लिए सुबह 7:18 बजे और अंतिम सेवा जय हिंद बिमानबंदर से नोआपाड़ा के लिए रात 9:18 बजे चलेगी। इस दिन पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर सामान्य सेवाएं जारी रहेंगी। इसके अलावा, कोलकाता पुस्तक मेला के मद्देनजर 1 फरवरी को भी ब्लू लाइन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दिन सामान्य 130 सेवाओं के स्थान पर 160 मेट्रो सेवाएं चलाई जाएंगी। पहली सेवा सुबह 9:00 बजे और अंतिम सेवा रात 9:44 बजे तक उपलब्ध रहेगी। रविवार होने के कारण इस दिन पर्पल और ऑरेंज लाइन पर मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

## भारतीय तटरक्षक बल के 50वें स्थापना दिवस पर हल्दिया में भव्य बाइक रैली आयोजित

**हल्दिया :** भारतीय तटरक्षक बल के 50वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) के उपलक्ष्य में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोहों के तहत 20 जनवरी 2026 को हल्दिया में एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कोस्ट गार्ड जिला मुख्यालय-8, हल्दिया के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसका संचालन आईसीजीएस अमृत कौर द्वारा किया गया। रैली को हल्दिया स्थित पीआर सेल से विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एस.के. दास रहे। इस अवसर पर जिला कमांडर डीआईजी अनवर खान, टीएम, सहित भारतीय तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।



इस रैली में करीब 35 बाइकर्स ने भाग लिया, जिसने लगभग 50 किलोमीटर की दूरी तय की। यह रैली 1 फरवरी 1978 को स्थापित भारतीय तटरक्षक बल द्वारा देश की समुद्री सुरक्षा में दिए गए पांच दशकों के समर्पित योगदान को श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एस.के. दास ने अपने संबोधन में देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा में भारतीय तटरक्षक बल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बल की 24÷7 समुद्री उपस्थिति, पेशेवर क्षमता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। यह कार्यक्रम भारतीय तटरक्षक बल के स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान देशभर में आयोजित की जा रही जन-जागरूकता और तटीय समुदायों से संवाद को मजबूत करने वाली गतिविधियों की श्रृंखला का हिस्सा रहा।

## पूर्व रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और बेहतर कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव लागू किया है। इसके तहत, 22 जनवरी 2026 से कोलकाता-राधिकापुर एक्सप्रेस (13145) धुलियांगंगा और निमतिता स्टेशनों पर, सियालदह-सहरसा एक्सप्रेस (13163) धुलियांगंगा स्टेशन पर और कामाख्या-पुरी एक्सप्रेस (15644) जंगिपुर रोड स्टेशन पर ठहराव करेगी। बालुरघाट-हावड़ा एक्सप्रेस (13064) को जंगिपुर रोड और निमतिता स्टेशनों पर, हावड़ा-कटिहार एक्सप्रेस (13033) मणिग्राम स्टेशन पर, राधिकापुर-कोलकाता एक्सप्रेस (13146) और कोलकाता-गुवाहाटी एक्सप्रेस (12517) निमतिता स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान करेगी। 23 जनवरी से सहरसा-सियालदह एक्सप्रेस (13164) धुलियांगंगा, हावड़ा-बालुरघाट एक्सप्रेस (13063) जंगिपुर रोड और निमतिता, न्यू जलपाईगुड़ी-दीघा एक्सप्रेस (15722) जंगिपुर रोड और निमतिता, कटिहार-हावड़ा एक्सप्रेस (13034) महिपाल रोड और हावड़ा-मालदह टाउन एक्सप्रेस (13465) मणिग्राम, मालदह टाउन-हावड़ा एक्सप्रेस (13466) मणिग्राम स्टेशनों पर ठहरेगी। वहीं, 24 जनवरी से पुरी-कामाख्या एक्सप्रेस (15643) जंगिपुर रोड, दीघा-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस (15721) जंगिपुर रोड और निमतिता, तथा गुवाहाटी-कोलकाता एक्सप्रेस (12518) निमतिता स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव करेगी। यह प्रायोगिक व्यवस्था यात्रियों को यात्रा में अधिक सुविधा और समय की बचत प्रदान करेगी और इसके आधार पर भविष्य में स्थायी ठहरावों पर निर्णय लिया जाएगा।

## मयनापुर-जयरामबाती नई रेल लिंक से यात्रियों, व्यापारियों और तीर्थयात्रियों को मिली नई सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में रेल कनेक्टिविटी को नया आयाम मिला है। मयनापुर-बरोगोपीनाथपुर-जयरामबाती के बीच नई 15 किमी लंबी रेलवे लाइन चालू होने से अब जयरामबाती से बिष्णुपुर और बांकुड़ा तक सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध हो गई है। नई मेमू ट्रेन सेवा के नियमित संचालन से क्षेत्र के स्थानीय यात्रियों, तीर्थयात्रियों और व्यापारियों के लिए यात्रा तेज़, सुलभ और भरोसेमंद हो गई है।

मयनापुर-बरोगोपीनाथपुर-जयरामबाती खंड का निर्माण लगभग 280 करोड़ की परियोजना लागत पर किया गया है। इस नई रेल लिंक से बांकुड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित होगी। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच भी सुधरेगी। नई रेल कनेक्टिविटी से जयरामबाती, जहां माताजी शारदा देवी का जन्म हुआ था, और पास के कमारपुकुर, जहां श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्मस्थान है, तीर्थयात्रियों के लिए और अधिक सुलभ हो जाएगा। इससे धार्मिक पर्यटन को भी मजबूती मिलेगी। बेहतर रेल पहुंच स्थानीय पर्यटन, व्यापार, रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ाने में



मदद करेगी।

इस खंड के उद्घाटन के साथ बांकुरा जिले के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध क्षेत्र से सीधे रेल संपर्क स्थापित हो गया है। यह दैनिक यात्रियों, तीर्थयात्रियों और आगंतुकों के लिए यात्रा को आसान, सस्ती और भरोसेमंद बनाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 जनवरी को किया। यह खंड 83 किलोमीटर लंबी तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई रेल परियोजना का हिस्सा है। इस मेमू सेवा का नियमित परिचालन दोनों सिरों से 19 जनवरी 2026 से शुरू हो गया है।

# आशा कर्मियों और आईएसएफ के प्रदर्शन से ठप रही कोलकाता

❑ **दैनिक यात्रियों की बढ़ी परेशानी**

**कोलकाता :** एक ही दिन दो बड़े प्रदर्शन कार्यक्रमों के कारण बुधवार को कोलकाता की कई प्रमुख सड़कें लगभग ठप हो गईं। सुबह से ही भीषण जाम के चलते आम लोग, खासकर कार्यालय जाने वाले और दैनिक यात्री, भारी परेशानियों का सामना करते नजर आए। एक ओर आशा कर्मियों का स्वास्थ्य भवन अभियान, तो दूसरी ओर शहीद मीनार मैदान में आईएसएफ का कार्यक्रम–इन दोनों के चलते शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई।



शहर के पूर्वी हिस्से से लेकर मध्य कोलकाता तक लगभग हर जगह वाहनों का दबाव देखा गया। सॉल्टलेक के सेक्टर फाइव, न्यूटाउन, एजेसी बोस रोड और एसएन बनर्जी रोड पर वाहन बेहद धीमी गति से चलते रहे। सेक्टर फाइव में प्रवेश के समय निको पार्क के पास अचानक गाड़ियों की रफ्तार थम गई, जो धीरे–धीरे चिंगड़िघाटा तक फैल गई। कई कार्यालय यात्रियों ने शिकायत की कि साइंस सिटी चौराहे पर अन्य दिनों की तुलना में सिग्नल पर कहीं अधिक समय तक खड़ा रहना पड़ा।

स्थिति चिंगड़िघाटा से सेक्टर फाइव तक और भी गंभीर हो गई। बसों, कारों और ऑटो की लंबी कतारें लग गईं। कई लोग समय पर दफ्तर नहीं पहुंच सके, जबकि कुछ यात्रियों को मजबूरी में बीच रास्ते गाड़ी से उतरकर पैदल ही अपने गंतव्य तक जाना पड़ा।

वहीं मध्य कोलकाता के धर्मतला इलाके में भी भारी भीड़ देखी गई। शहीद मीनार में आईएसएफ के कार्यक्रम के कारण एजेसी बोस रोड और एसएन बनर्जी रोड पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्तर 24 परगना से बड़ी संख्या में समर्थक बसों और ट्रकों से शहर पहुंचे। यात्रियों का आरोप है कि इनमें से कई वाहन साइंस सिटी होते हुए धर्मतला की ओर जाने लगे, जिससे साइंस सिटी चौराहा, तपसिया और पार्क सर्कस इलाके में भी जाम की स्थिति बन गई।

इसके अलावा, आशा कर्मियों के आंदोलन के चलते कई सड़कों पर पुलिस बैरिकेड लगाए गए, जिससे वैकल्पिक मार्गों पर भी दबाव बढ़ गया। स्थिति को संभालने में ट्रैफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि चरणबद्ध तरीके से यातायात सामान्य करने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक सुबह और दोपहर का अहम समय हजारों लोगों के लिए बर्बाद हो चुका था।

हालांकि दोनों कार्यक्रम पूर्व घोषित थे, लेकिन एक ही दिन और एक ही समय पर होने के कारण आम लोगों की परेशानी और बढ़ गई–ऐसा मानना है शहरवासियों के एक वर्ग का। उनका कहना है कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के लिए प्रशासन को बेहतर योजना और समन्वय करना चाहिए, ताकि आंदोलन का अधिकार बना रहे, लेकिन आम जनता का दैनिक जीवन पूरी तरह अस्त–व्यस्त न हो।

# सरसुना में फंदे से लटका मिला व्यक्ति का शव, पत्नी व साले पर हत्या का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के सरसुना में एक व्यक्ति का शव उसके घर में लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान सनी सिंह (34) के रूप में हुई है, जिसका शव पुलिस ने मंगलवार की रात बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। उसके परिवार के सदस्यों ने उसकी हत्या का आरोप लगाया और युवक की पत्नी और साले पर शक जताया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सनी सिंह सरसुना इलाके में अपनी पत्नी पुनीता सिंह और बेटी तनीशा के साथ किराए के मकान में रहता था। पता चला है कि उसे शराब पीने की आदत थी, जिसके कारण पति–पत्नी के बीच रोजाना झगड़े और कहा–सुनी होती थी। सोमवार की रात को भी पति–पत्नी के बीच इसी



तरह का झगड़ा और कहा–सुनी हुई थी। आरोप है कि सनी ने उस रात अपनी पत्नी और बेटी को घर से बाहर निकाल दिया था। बाद में, पुलिस के हस्तक्षेप से पुनीता और उसकी बेटी घर लौट सकीं। मंगलवार की रात सनी का शव उसी घर में फंदे से लटका हुआ मिला। पुनीता जिस कमरे में ठहरी थी, उसका दरवाजा बाहर से बंद था। पड़ोसियों की मदद से वह बालकनी से नीचे उतरी, घर का दरवाजा खोला और अंदर गई तो उसे लटका हुआ शव मिला। तुरंत सरसुना थाने को सूचना दी गई। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सनी के शरीर पर गर्दन पर फंदे के निशान के अलावा कोई अन्य चोट के निशान नहीं थे। शव को बरामद कर विद्यासागर स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंह की मृत्यु दम घुटने से हुई। सनी की बहन संगीता साव ने पुनीता और उसके भाई राकेश पासवान के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों से पूछताछ भी शुरू हो गई है।

### एसएमवीटी बेंगलुरु-राधिकापुर के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण भारत और उत्तर बंगाल के बीच रेल संपर्क को मजबूत करने के लिए रेलवे ने एसएमवीटी बेंगलुरु–राधिकापुर–एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत, ट्रेन संख्या 16223 एसएमवीटी बेंगलुरु–राधिकापुर एक्सप्रेस का संचालन 22 जनवरी से किया जाएगा। यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 13:50 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन दोपहर 12:45 बजे राधिकापुर पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 16224 राधिकापुर–एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस का संचालन 25 जनवरी से शुरू होगा। यह ट्रेन प्रत्येक रविवार रात 21:30 बजे राधिकापुर से रवाना होगी और तीसरे दिन शाम 20:45 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले बालेश्वर, खड़गपुर और आंदुल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# बंगाल में एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने पर विचार कर रहा निर्वाचन आयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाने पर विचार कर रहा है, और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी की निर्धारित तिथि के बाद होने की संभावना है। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी किए गए कई निर्देशों का पालन करने से मौजूदा समयसीमा का पालन करना मुश्किल हो सकता है और अब तक इस संबंध में अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के सभी निर्देशों को मौजूदा समयसीमा के भीतर लागू करना चुनौतीपूर्ण है। अतिरिक्त समय की आवश्यकता हो सकती है। बता दें




कि निर्वाचन आयोग ने पहले आपत्तियों की सुनवाई की अंतिम तिथि सात फरवरी और प्रारंभिक विस्तार दिए जाने के बाद अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि 14 फरवरी घोषित की थी। अधिकारी ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा के बाद ही यह निर्णय लिया जाएगा कि 14 फरवरी की समय सीमा को बरकरार रखा जाएगा या उसमें संशोधन किया जाएगा।

# चंद्रकोणा मामले में हाई कोर्ट ने शुभेंदु अधिकारी को पुलिस की कार्रवाई से सुरक्षा दी

**कोलकाता, समाज्ञा**



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को चंद्रकोणा थाने में दर्ज मामले में पुलिस की किसी भी दमनकारी कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। यह राहत पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोणा थाना क्षेत्र से जुड़े एक प्रकरण में दी गई है। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने यह अंतरिम राहत देते हुए भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी को 29 जनवरी तक संरक्षण प्रदान किया है। इससे पहले अधिकारी ने न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की एकल पीठ में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज मामले में पुलिस कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की थी। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में पुरुलिया से कोलकाता लौटते समय चंद्रकोणा में शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर कथित तौर पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हमला किया था। हालांकि, हैरानी की बात यह रही कि इस घटना के बाद पुलिस ने चंद्रकोणा थाने में शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया, जिसमें उन पर इलाके में तनाव भड़काने का आरोप लगाया गया। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान शुभेंदु अधिकारी की ओर से अदालत में दलील दी गई कि उनके मुवक्किल के खिलाफ दर्ज शिकायत उन्हें परेशान करने और काफिले पर हुए हमले की मूल घटना से ध्यान भटकाने के उद्देश्य से की गई है। न्यायमूर्ति घोष की पीठ ने इन दलीलों को स्वीकार करते हुए उन्हें अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। इसके साथ ही उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 10 जनवरी की रात शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हुए हमले को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की है।

# हूगली: पर्यटन स्थल पर नाबालिग से छेड़छाड़, युवक को 5 साल की सजा

**हूगली :** हूगली जिले के गोगहाट इलाके में एक पर्यटन केंद्र पर 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी युवक को आरामबाग महकुमा न्यायालय ने दोषी करार देते हुए पांच साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, आरोपी पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न चुकाने पर अतिरिक्त एक महीने की कैद होगी। यह घटना 9 फरवरी 2024 को दोपहर के समय हुई थी। पुलिस और अदालती सूत्रों के अनुसार, 10 साल की बच्ची अपनी दादी के साथ गोगहाट के एक पर्यटन केंद्र पर गई थी। कुछ देर बाद दादी की नजर से ओझल होने पर बच्ची अकेले खेल रही थी। तभी आरोपी युवक ने पीछे से उसे पकड़ लिया। पर्यटन केंद्र उस समय खाली था, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने बच्ची का मुंह दबाया, उसके हाथ–पैर बांध दिए और उसके गुप्तांगों पर हाथ डाला। इसके बाद आरोपी बच्ची को वहीं छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने बच्ची को उद्धार किया और दादी के पास पहुंचाया। घर लौटने के बाद बच्ची ने अपनी मां को पूरी घटना बताई। परिवार सदमे में आ गया और बच्ची की मां ने तुरंत गोगहाट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तेजी से जांच की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरामबाग महकुमा न्यायालय में लंबी सुनवाई के बाद बुधवार न्यायाधीश किशनलाल अग्रवाल ने आरोपी को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। पीड़ित बच्ची के परिवार ने फैसले से राहत की सांस ली है। यह मामला पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को कड़ी सजा सुनाई है, ताकि ऐसे अपराधों पर अंकुश लगे।

# राज्य में अल्पसंख्यकों के उत्थान को लेकर तृणमूल सरकार गंभीर नहीं : नौशाद सिद्दीकी

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी ने बुधवार को ममता बनर्जी सरकार पर राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान को लेकर गंभीर न होने और 'उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने' का आरोप लगाया। इस दिन, कोलकाता में आईएसएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिद्दीकी ने कहा कि वैध आवासीय दस्तावेज वाले किसी भी मूल निवासी को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि इस प्रक्रिया के दौरान अल्पसंख्यक समुदायों के उन सदस्यों को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो पीढ़ियों से राज्य में रह रहे हैं।



तृणमूल कांग्रेस पर अल्पसंख्यक कल्याण और विकास के मुद्दे पर 'दोहरा रवैया' अपनाने और गंभीर न होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सभी दलितों को राज्य में आरक्षण का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर आम मतदाताओं को डराने–धमकाने की कोशिश की जा रही है। वैध दस्तावेज रखने वाले और पीढ़ियों से देश में रह रहे लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है और अनावश्यक रूप से दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा जा रहा है। अगर यह उत्पीड़न जारी रहा, तो आईएसएफ विरोध प्रदर्शन शुरू करेगा।

# डब्ल्यूबीसीएस अधिकारियों के लिए राज्य में 140 अतिरिक्त पद सृजित, अधिसूचना जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश सरकार ने डब्ल्यूबीसीएस (पश्चिम बंगाल सिविल सेवा) अधिकारियों को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अधिकारियों से किया गया अपना वादा निभाते हुए राज्य में कुल 140 अतिरिक्त पदों के सृजन को मंजूरी दी है। इस संबंध में, बुधवार को नवान्न से आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई। राज्य के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिव ने राज्यपाल के आदेशानुसार जारी अधिसूचना में बताया कि इस फैसले के तहत विशेष सचिव स्तर के 40 नए पद और संयुक्त सचिव स्तर के 100 नए पद बनाए गए हैं। नवान्न सूत्रों के अनुसार, इस निर्णय से डब्ल्यूबीसीएस (कार्यपालिका)



अधिकारियों के एक बड़े वर्ग को पदोन्नति और वरिष्ठ प्रशासनिक जिम्मेदारियां मिलने का अवसर मिलेगा। लंबे समय से अधिकारी संगठन अतिरिक्त पदों के सृजन की मांग कर रहे थे। प्रशासनिक जानकारों का मानना है कि वरिष्ठ पदों की संख्या बढ़ने से राज्य के प्रशासनिक ढांचे को मजबूती मिलेगी और अनुभवी अधिकारियों की सेवाओं का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# कोलकाता एनजीटी पीठ बच्चों के लिए विशेष खेल क्षेत्र बनाने वाला पहला संस्थान

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की पूर्वी क्षेत्रीय पीठ, कोलकाता ने कर्मचारियों के बच्चों के लिए अपने परिसर में पहले समर्पित बाल खेल क्षेत्र का उद्घाटन किया। यह पहल देशभर में एनजीटी की सभी पीठों में अपनी तरह की पहली है, जो कर्मचारी कल्याण और समावेशी कार्यस्थल संस्कृति के प्रति अधिकरण की प्रगतिशील सोच को दर्शाती है। बाल खेल क्षेत्र का उद्घाटन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष, राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने अपनी धर्मपत्नी के साथ किया। इस अवसर पर विशेषज्ञ सदस्य ईश्वर सिंह, रजिस्ट्रार दीप्तो घोष, उप रजिस्ट्रार तनुश्री दत्ता, सहायक रजिस्ट्रार यश कुमार सिंह सहित एनजीटी पूर्वी क्षेत्रीय पीठ के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल समावेशी, लैंगिक–संवेदनशील और मानवीय



संस्थागत कार्यप्रणाली के प्रति एनजीटी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह सुविधा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'पालना योजना' के अनुरूप है तथा मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 (संशोधित) और कार्यरत महिलाओं के लिए बाल देखभाल सुविधाओं संबंधी माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों का अनुपालन करती है। 3 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए तैयार किया गया यह बाल खेल क्षेत्र सुरक्षित, स्वच्छ और बाल–अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। इसमें शैक्षणिक एवं मनोरंजक सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों के कल्याण को बढ़ावा मिलेगा तथा स्वस्थ कार्य–जीवन संतुलन को प्रोत्साहन मिलेगा।

### एयरटेल ने कोलकाता के 'विद्यासागर सेतु' पर मोबाइल संपर्क सेवा की शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारती एयरटेल हुगली नदी पर बने कोलकाता के 'विद्यासागर सेतु' पर निर्बाध मोबाइल संपर्क प्रदान करने वाली पहली दूरसंचार सेवा प्रदाता बन गई है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि कोलकाता और हावड़ा के बीच महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग पर निर्बाध 'वॉइस' एवं डेटा सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई इस परियोजना में पूरे मार्ग पर 1.3 किलोमीटर फाइबर बिछाना तथा छह खंभों पर नेटवर्क 'एंटेना' लगाना शामिल था ताकि शून्य 'ड्रॉप जोन' सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल पश्चिम बंगाल सरकार, पश्चिम बंगाल पुलिस यातायात विभाग और हुगली नदी पुल आयुक्त (एचआरबीसी) के सहयोग से कार्यान्वित की गई।

# हावड़ा में भाजपा नेता के घर पर हमला, पुलिस में शिकायत दर्ज

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा जिले के गोलाबाड़ी थाना क्षेत्र में भाजपा मंडल अध्यक्ष भीरू साहनी के घर पर 20 जनवरी की रात हमला हुआ। इस घटना की शिकायत गोलाबाड़ी थाना में दर्ज करायी गयी है। शिकायत में बताया गया है कि श्रिबांश मिश्रा उर्फ सुजीत मिश्रा और चेहर ढके हुए करीबन 20 अज्ञात लोगों ने पीड़ित पर हमला किया। आरोप है कि घटना के दौरान तीन लोगों ने साहनी के 9 वर्षीय भतीजे ऋषभ साहनी को रोककर उनके घर का पता पूछने के लिए धमकाया। जब भतीजे ने मना किया, तो उसे पकड़कर तमाचे मारे गए और डर के दबाव में उसने पता बता दिया। इसके बाद, आरोपी साहनी के घर पहुंचे और मुख्य द्वार को बार–बार लात मारकर तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने परिवार को जान से मारने की धमकी दी और जातिगत गालियां दीं। घटना के शोर सुनकर पड़ोसी बाहर आए, जिससे हमलावर भाग गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। साहनी ने बताया कि 2019 में भी इसी तरह की धमकियां मिल चुकी थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता उमेश राय ने इस घटना की कड़ी निंदा की और चेतावनी दी कि यदि पुलिस जल्द उचित कार्रवाई नहीं करती, तो पार्टी आगामी दिनों में जोरदार आंदोलन करेगी।



कुम्हारटोली में सजी रंग-बिरंगी माँ सरस्वती की प्रतिमा को निहारते विदेशी पर्यटक, भारतीय कला और संस्कृति की सुंदरता देख अभिभूत।

# रामलीला मैदान में सिविल डिफेंस कर्मियों का विरोध प्रदर्शन, सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

**कोलकाता :** वेस्ट बंगाल डिजास्टर मैनेजमेंट एंड सिविल डिफेंस फाइटर एसोसिएशन के आह्वान पर मंगलवार को रामलीला मैदान में सिविल डिफेंस कर्मियों ने धरना–प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार पर लंबे समय से उपेक्षा और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार विरोध जताया।

एसोसिएशन का कहना है कि राज्य सरकार की ओर से बार–बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक उन्हें पूरा नहीं किया गया। इसी कारण संगठन ने व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन में शामिल सिविल डिफेंस 'आपदा मित्र' और आपदा प्रबंधन से जुड़े कर्मियों ने महीने में 30 दिन काम की गारंटी, 60 वर्ष की आयु तक स्थायीकरण सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वर्षों से उन्हें शोषण और मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि आपदा के समय जान जोखिम में डालकर सेवा देने के बावजूद उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। इस आंदोलन के जरिए वे मुख्यमंत्री का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहते हैं।

रामलीला मैदान में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सिविल डिफेंस कर्मी शामिल हुए, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# सड़क हादसे में युवा चिकित्सक समेत दो की मौत

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** जिले में मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में एक युवा चिकित्सक की जान चली गई। मृतक की पहचान चयनदीप दास (30) के रूप में हुई है। हादसा दीघा–नंदकुमार 116बी राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंडीपुर थाना क्षेत्र के गड़ग्राम इलाके में हुआ। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की रात करीब 8 बजे चयनदीप दास मोटरसाइकिल के पीछे सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत कोलकाता ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, चयनदीप दास नंदीग्राम स्वास्थ्य जिले के चंडीपुर ब्लॉक स्थित एड़ाशाल ग्रामीण अस्पताल में कार्यरत थे।

मूल रूप से मेदिनीपुर के निवासी चयनदीप वर्तमान में हावड़ा के आंदुल में रह रहे थे और वहीं से ड्यूटी के लिए चंडीपुर जाया करते थे। वह एसएसकेएम अस्पताल के 2013 बैच के छात्र थे। इस वर्ष उन्होंने नीट–पीजी परीक्षा उत्तीर्ण कर बीसी रॉय मेमोरियल अस्पताल में एमडी पीडियाट्रिक्स में दाखिला प्राप्त किया था, लेकिन औपचारिक भर्ती से पहले ही यह हादसा हो गया। नंदीग्राम स्वास्थ्य जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी असित कुमार देवान ने बताया कि चयनदीप एड़ाशाल ग्रामीण अस्पताल में चिकित्सक के रूप में कार्यरत थे और ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे थे, तभी दुर्घटना घटी। वहीं, चंडीपुर थाना के ओसी एस. के. आसिफउद्दीन ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# गुरु भगवान नहीं, भगवान के दीदार का द्वार हैं : पं. मालीराम जी शास्त्री

❑ **बंगेश्वर महादेव नया मंदिर, बांधाघाट में श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन**

**हावड़ा :** जो गुरु चमत्कार करे, वह कभी गुरु नहीं हो सकता। वह पाखंडी और जादूगर है। आजकल गुरु स्वयं को ही भगवान के रूप में पूजवाने लगे हैं, लेकिन यह ध्यान रखें कि गुरु कभी भगवान नहीं बन सकता। हां, हमारे शास्त्रों में गुरु को भगवान से ऊपर माना गया है, लेकिन गुरु वह द्वार है जो हमें भगवान के दीदार का मार्ग दिखा सकता है। ये उद्गार सलकिया बांधाघाट स्थित बंगेश्वर महादेव नया मंदिर में माघ मास के उपलक्ष्य में सरोज–दिलीप चौधरी (अनमोल ग्रुप) के यजमानत्व एवं महेश कुमार शर्मा (नेचुरल ग्रुप) के संरक्षण में आयोजित सप्ताहव्यापी श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ के दूसरे दिन की कथा का प्रारंभ करते हुए भागवत मर्मज्ञ पं. श्री मालीराम जी शास्त्री ने व्यक्त किए।



उन्होंने कहा कि हमारे लिए हमारे माता–पिता ही भगवान हैं। हम सब कुछ भूल जाएं, लेकिन उन्हें कभी न भूलें। पं. शास्त्री ने वर्तमान में अपनी ही संतान द्वारा माता–पिता एवं बुजुर्गों के अपमान–तिरस्कार पर गहरा खेद व्यक्त करते हुए कहा कि मंदिर में बैठे भगवान को भोग लगाने की बजाय अपने–अपने माता–पिता का प्रतिदिन आशीर्वाद लें और उनकी सेवा करें, जीवन सुख–समृद्धि से भरा रहेगा। इसी संदर्भ में दिल न कभी मां दुखाना, न बाप को सताना; मां–बाप तो होते हैं भगवान, शत–शत दोनों को प्रणाम जैसे भजन पर प्रस्तुत मर्मस्पर्शी नृत्य–नाटिका ने श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं।

पं. शास्त्री ने आज के कथा प्रसंग के अंतर्गत सती अनसूया की कथा पर प्रवचन करते हुए कहा कि स्त्री के लिए पतिव्रता होना ही सबसे बड़ा धर्म है। पति ही पत्नी के लिए परमेश्वर है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पति–पत्नी दोनों को एक–दूसरे का परस्पर सम्मान करना चाहिए। शिव विवाह की झांकी के दौरान सुमधुर भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। यह कथा प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य यजमान सरोज–दिलीप चौधरी के अलावा सुभाष अग्रवाल, सजन तायल, निकुंज तायल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुरेश कुमार भुवालका ने बताया कि तीसरे दिन, 22 जनवरी को पं. शास्त्री जड़ भरत, अजामिल एवं प्रह्लाद चरित्र पर दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक प्रवचन करेंगे। इस दिन कथा समापन से पूर्व गंगा आरती का भी भव्य आयोजन किया जाएगा।

### आइकॉनिक कैटेगरी लीडर ब्लेंडर्स प्राइड ने ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन के लॉन्च की घोषणा की

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारत के प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट में अग्रणी ब्रांड ब्लेंडर्स प्राइड ने ब्लेंडर्स प्राइड ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक लिमिटेड–एडिशन पेशकश है, जो बोल्ड ब्लैक सौंदर्य को ब्लेंडर्स प्राइड के आइकॉनिक ब्लेंड के साथ जोड़कर एक वास्तव में विशिष्ट अनुभव प्रस्तुत करती है। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ, देबाश्री दासगुप्ता ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड भारत में प्रीमियम व्हिस्की के मानकों को लगातार नया रूप देता रहा है। ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन का लॉन्च ब्रांड का अब तक का सबसे रिफाइंड एक्सप्रेशन है–एक ऐसा इवोल्युशन जो इसकी स्थायी विरासत को एक बोल्ड नई डिज़ाइन लैंग्वेज में बदलता है।

### अमेजन इंडिया की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 में बेहतरीन ऑफर

**कोलकाता :** अमेजन ग्रोसरी, अमेजन इंडिया की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के तहत गणतंत्र दिवस के लंबे वीकेंड के लिए खास तौर पर तैयार की गई शॉपिंग विकल्पों को एक साथ ला रहा है। इसमें ताज़ा फल–सब्जियों, रोजमर्रा की जरूरतों, बेबी केयर, पालतू जानवरों की चीज़ों और वेलनेस प्रोडक्ट्स पर 70% तक की बचत का मौका मिलेगा। ग्राहक किराना, बेबी केयर, पेट एसेंशियल्स, वेलनेस और गॉर मे ग्रॉसरी से जुड़े भरोसेमंद ब्रांड्स की बड़ी रेंज में से खरीदारी कर सकते हैं, जिनमें हगीज, पैम्पर, फिलिप्स एवेंट, ड्रूल्स, वीबा, ट्रू एलिमेंट्स, हैपिलो और कई अन्य ब्रांड शामिल हैं।

# शरद ऋतु में स्वस्थ कैसे रहें?

प्रवीन कुमार

शरद ऋतु के आगमन के साथ हम गर्म वस्त्रों से सर्दी से बचकर मनभावन स्वास्थ्यवर्धक शरद ऋतु को गुजार देते हैं पर हमें यह भी ज्ञान नहीं होता कि शीत ऋतु का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है।

सूर्य के दक्षिणायन होने से शीत प्रकोप अधिक होता है लेकिन शीतऋतु में चंद्रमा की शक्ति अधिक बढ़ जाती है और हमारे शरीर में अमल, लवण तथा मधुर, इनकी मात्रा बढ़ जाती है।

प्राचीन आयुर्वेद ग्रंथों के अनुसार इस ऋतु में वातजन्य रोग होते हैं लेकिन पित्त शान्त हो जाता है। शीतल वातावरण के प्रभाव से शरीर में ऊष्मा ठहर नहीं पाती। ऐसे में उदर की जठराग्नि प्रबल होकर आहार को शीघ्रता से पचाने लगती है।

शरद ऋतु में दीपक जलाना, घर को साफ रखना, साफ वस्त्रा पहनना स्वास्थ्य के लिए बड़ा हितकारी है। क्योंकि इस ऋतु में अधिक ठंड पड़ती है, इसलिए लोग बाहर न सो कर अंदर सोना पसंद करते हैं। ऐसी अवस्था में यदि घर साफ न होगा, दीपक न जलाये जायेंगे तथा ओढ़ने-बिछाने तथा पहनने के कपड़े साफ नहीं होंगे अथवा बलदायक भोजन नहीं खाया जायेगा तो आदमी अवश्य बीमार हो जायेगा। पौष्टिक पदार्थों का सेवन कर सेहत बनाने हेतु यह उपयुक्त समय है।

शीतऋतु में वातावरण अधिक शीतल होने के कारण स्त्री , पुरूष तथा बच्चों को अधिक गरम जल से स्नान नहीं करना चाहिए। प्रतिदिन स्नान करने से अधिक स्फूर्ति और उत्साह का अनुभव होता है।

कुछ माताओं के मन में यह भ्रांति है कि शीत ऋतु में गरम जल से बच्चों को स्नान कराने के बाद भी बच्चे खांसी, जुकाम से ग्रसित हो जाते हैं। वास्तव में स्नान से नहीं बल्कि स्नान कराकर खुले वातावरण में बच्चों को ले जाने से शीत का प्रकोप होता है, अतः ऊनी वस्त्रों के उपयोग से लाभ होगा।

त्वचा की शुष्कता, खुरदरापन दूर करने के लिए स्नान से पूर्व शरीर पर तेल की मालिश करें। तेल मालिश से शरीर में रक्त संचार तेज होता है और त्वचा भी कोमलता व स्निग्ध बनी रहती है। ठंडी हवाओं के कारण चेहरे पर मलाई, क्रीम का प्रयोग करें। सप्ताह में एक बार बच्चों को धूप में बैठाकर मालिश करने से सूर्य से निकलने वाली किरणों से विटामिन 'डी' मिल जाता है। किरणों की हल्की ऊष्मा से अधिक शक्ति और स्फूर्ति मिलती है।

शीत ऋतु में गुणकारी पदार्थ के रूप में गुड़ लाभदायक सिद्ध होता है। भोजन में हरे पत्ते वाली सब्जियां, मक्का, ज्वार और बाजरे की रोटी के सेवन के साथ प्रातः कालीन भ्रमण नई स्फूर्ति भर देता है। (स्वा.द.)

# आइये जानें चाकलेट के बारे में

पिछले कुछ वर्षों में चाकलेट को लेकर कई शोध हुए हैं जिनसे यह प्रकाश में आया है कि चाकलेट हृदय को सुरक्षा देती है, कैंसर को दूर रखती है और कई स्वास्थ्य लाभ देती है। फलों व सब्जियों की तरह यह भी पोषक है। आइए डालते हैं कुछ शोधों पर नजर जो बताते हैं चाकलेट के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को।

चाकलेट में अन्य बीन्स की तरह एंटीआक्सीडेंट पाए जाते हैं। चाकलेट में एंटीआक्सीडेंट फ्लेवोनाइडस पाए जाते हैं। इन फ्लेवोनाइडस का रक्त में अधिक स्तर स्वास्थ्यप्रद माना जाता है। कई शोधों से यह सामने आया है कि फ्लेवोनाइडस का रक्त में अधिक स्तर हृदय रोगों फेफड़ों व प्रोस्टेट कैंसर, अस्थमा, टाइप-2 डायबिटीज की संभावना कम करता है।

फ्लेवोनाइडस चाकलेट के अतिरिक्त हरी चाय व रेड वाइन में भी पाए जाते हैं। पेनस्टेट यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ पेनी क्रिसथर्टन ने भी अपने शोध में पाया कि जो व्यक्ति अपनी डाइट में डार्क चाकलेट व कोको पाउडर का अधिक सेवन करते हैं उनके रक्त में बुरे कोलेस्ट्रोल एल डी एल का स्तर कम पाया गया और अच्छे कोलेस्ट्रोल एच डी एल में चाकलेट का सेवन न करने वाले व्यक्तियों की अपेक्षा वृद्धि पाई गई। डार्क चाकलेट में मिल्क चाकलेट की अपेक्षा फ्लेवोनाइडस का स्तर अधिक पाया गया।

डार्क चाकलेट उच्च



रक्तचाप को भी कम करती है। अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के जर्नल में प्रकाशित जर्मन विशेषज्ञों द्वारा किए गए एक शोध में डार्क चाकलेट व सफेद चाकलेट का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। सफेद चाकलेट कोको बटर से बनाई जाती है, सिर्फ कोको से नहीं। इस शोध में जिन व्यक्तियों ने डार्क चाकलेट का सेवन किया, उनके सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर में सफेद चाकलेट का सेवन करने वाले व्यक्तियों के ब्लड प्रेशर की तुलना में अधिक कमी पाई गई। एक अन्य शोध में यह भी सामने आया कि कोको ड्रिंक नाइट्रिक एसिड की क्रियाशीलता को बढ़ाता है जिससे रक्त वाहिनियों को आराम मिलता है।

चाकलेट का सेवन हृदय रोगों से सुरक्षा देता है। एक अन्य शोध में पाया गया कि कोको का सेवन रक्तवाहिनियों के लचीलेपन को बढ़ाता है। रक्तवाहिनियों की अंदरूनी परत ऐडोथीलियम पर फ्लेवोनाइडस अच्छा प्रभाव डालते हैं और वसा के जमाव को होने नहीं देते जिससे हृदयाघात, पक्षाघात की संभावना कम होती है। यह प्लेक को भी जमने नहीं देते। विशेषज्ञों का मानना है कि चॉकलेट का सेवन 'बल्ड क्लाटिंग' को भी कम करता है।

विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि चाकलेट में कैलोरी और वसा की मात्रा अधिक होती है। एक छोटी चाकलेट बार अर्थात 30 ग्राम चाकलेट में 140-150 कैलोरी व 8-10 ग्राम वसा की मात्रा पाई जाती है इसलिए चाकलेट का सेवन वजन बढ़ाता है। चाकलेट का सेवन करते वक्त आपके द्वारा ग्रहण की जा रही डाइट में कैलोरी की मात्रा कम होनी आवश्यक है।

चाकलेट में कैलोरी की व वसा की अधिक मात्रा के कारण इसे हैल्थ फूड नहीं समझा जाता। चाकलेट को दांतों के लिए भी अच्छा नहीं माना जाता क्योंकि चाकलेट में जो पदार्थ मिलाए जाते हैं वे दंत क्षय का कारण बनते हैं। प्लेन या सादी चाकलेट मीठी होने के बावजूद चिपकने वाली नहीं होती पर कुछ चाकलेट प्रोडक्ट्स में केरेमल, किशमिश आदि मिलाए जाते हैं जो दांतों के लिए नुकसानदायक होते हैं।

चाकलेट में कैफीन की मात्रा काफी कम होती है चाय व काफी की तुलना में। एक कप चाय में कैफीन की मात्रा 40 मिग्रा. और एक कप काफी में 115 मिग्रा. होती है जबकि मिल्क चाकलेट की 30 ग्राम बार में कैफीन सिर्फ 6 मिग्रा. व डार्क चाकलेट में 20 मिग्रा. होती है। (स्वा.द.)

# सेहत की खबरें

सोनी मल्होत्रा

## संगीत सुनिए और बीमारी से पाइये छुटकारा

इर्विन में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के विशेषज्ञों द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार अल्जाइमर रोग में संगीत चिकित्सा फायदा पहुंचाती है। इससे पूर्व भी कई शोधों से यह सामने आया है कि संगीत चिकित्सा का स्मरण शक्ति और मानसिक कार्यक्षमता पर प्रभाव पड़ता है। एक अन्य शोध जो यूनिवर्सिटी ऑफ मियामी स्कूल ऑफ मेडिसिन द्वारा 1991 में किया गया था, उसमें विशेषज्ञों ने कई प्रकार के हारमोन के रक्त पर प्रभाव को जाना और पाया कि जिन व्यक्तियों ने संगीत चिकित्सा ली, उनमें मेलाटोनिन नामक एक हार्मोन का स्तर अधिक पाया गया। यह हार्मोन तनाव कम करता है और मूड अच्छा करता है। संगीत चिकित्सा से पार्किन्सन रोग के उन रोगियों को जिनमें धीमी शारीरिक प्रक्रियाओं व कांपने जैसी शारीरिक समस्याएं पायी गयी, उनको भी लाभ पहुंचा। संगीत की धुन पर उनकी चाल तेज पायी गयी। वे बड़े कदम लेने लगे और इन रोगियों ने अधिक संतुलन दिखाया और उनका अपनी गतिविधियों पर नियंत्राण रहा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि शायद संगीत की धुन ने उनके दर्द को कम करने में मदद की। संगीत चिकित्सा ने इन रोगियों के डिप्रेशन को भी कम किया।

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रारंभ से ही सही जीवन शैली अपनाएं

अच्छा स्वास्थ्य अपने आप में एक अमूल्य उपहार है पर आजकल व्यक्ति इतने रोगों से ग्रस्त है कि स्वस्थ व्यक्ति बहुत कम ही नजर आते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि हम जिस जीवन शैली का चयन करते हैं वह हमारे स्वास्थ्य को सबसे अधिक प्रभावित करती है।

अधिकतर व्यक्ति यह सोचते हैं कि 35 वर्ष की आयु के बाद ही सतर्कता बरतने की आवश्यकता होती है पर ऐसा नहीं है। जो जीवनशैली हम बचपन या टीनएज में चुन लेते हैं वह हमें तमाम उम्र प्रभावित करती है, इसलिए अच्छा स्वास्थ्य व्यक्ति के स्वयं के हाथ में ही होता है। अगर आप भी अच्छा स्वास्थ्य पाना चाहते हैं तो आज से ही इन बातों को अपनी जीवनशैली का अंग बना लें। धूम्रपान बहुत सी बीमारियों की जड़ है और इस आदत का शिकार व्यक्ति टीन एज में ही होता है इसलिए इस आदत के शिकंजे से दूर ही रहें। अब तो इस बात में बिलकुल शक नहीं रहा कि तंबाकू, सिगरेट की लत कई गंभीर रोगों जैसे फेफड़ों, मुंह का कैंसर, हृदय रोगों, सांस की तकलीफ आदि की संभावना को बढ़ा देती है इसलिए उम्र के इस नाजुक दौर में इस लत का शिकार न बनें।

हमेशा संतुलित भोजन ही लें व फलों व सब्जियों का अधिक सेवन करें। मक्खन, क्रीम, वसायुक्त भोजन, चीनी व अन्य मीठी चीजों का सेवन करें पर सीमित मात्रा में। अगर आपका वजन अधिक बढ़ रहा है तो उस पर नियंत्राण रखें क्योंकि मोटापा न केवल आपके व्यक्तित्व को खराब करता है बल्कि कई रोगों की संभावना को भी बढ़ा देता है।

बचपन से ही व्यायाम को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना लें। व्यायाम आपके वजन को नियंत्रित रखेगा। नियमित व्यायाम आपको कई रोगों से दूर रखता है। अगर इन सब बातों को प्रारंभ से ही आप अपना लेंगे तो कई गंभीर रोग आपसे दूर रहेंगे।

## सही मात्रा में करें कैल्शियम का सेवन

कैल्शियम हमारे शरीर के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है पर अगर इसका स्तर आवश्यकता से अधिक बढ़ जाए तो शरीर के लिए कई कठिनाइयां आ सकती हैं। इसी तरह अगर इसका स्तर कम हो जाए तो भी कई डिस्आर्डर हो सकते हैं। रक्त में कैल्शियम की कमी के कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और हल्के फ्रेक्चर हो सकते हैं। इसी तरह कैल्शियम का अधिक स्तर मस्तिष्क और गुर्दों की कार्य प्रणाली को प्रभावित करता है और कई गंभीर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

अगर व्यक्ति के भोजन में कैल्शियम का अभाव होता है तो शरीर हड्डियों से कैल्शियम ग्रहण करना शुरू कर देता है और हड्डियां मृदु व कमजोर होती जाती हैं, इसलिए सही मात्रा में कैल्शियम का सेवन बहुत आवश्यक है। विशेषज्ञों के अनुसार नवजात शिशु व बढ़ते बच्चे के लिए कैल्शियम की आवश्यकता अधिक होती है क्योंकि इस समय हड्डियां बनने की प्रक्रिया चल रही होती है जिसके लिए अधिक मात्रा में कैल्शियम का सेवन करना चाहिए।

## जिगर के कैंसर से सुरक्षा देती है काफी

'कॉफी का सेवन जिगर के कैंसर की संभावना को कम करता है' यह कहना है जापानी विशेषज्ञों का। नेशनल कैंसर सेंटर के विशेषज्ञ मोनामी आइनो द्वारा लगभग 90,000 जापानी व्यक्तियों पर किए गए एक शोध के दौरान यह पाया गया। इनमें से जो लोग नियमित 3-4 कप कॉफी का सेवन करते थे, उनमें कॉफी न पीने वाले व्यक्तियों की तुलना में जिगर का कैंसर होने की संभावना लगभग आधी पाई गई। इस शोध में 10 वर्षों तक इन व्यक्तियों द्वारा कॉफी के सेवन के संबंध में जाना गया कि कॉफी के जिगर पर पड़ने वाले इस अच्छे प्रभाव को जान पाने में विशेषज्ञ समर्थ हो पाए।

## आपके दाँतों की गन्दगी आपको न्यूमोनिया का रोगी बना सकती है

क्या आप जानते हैं कि आपके दांतों की प्लेक में युक्त रोगाणु आपको न्यूमोनिया का रोगी बना सकते हैं। जी हां, हाल ही में न्यूयार्क में यूनिवर्सिटी ऑफ बफैलो के विशेषज्ञ डॉ. अली एल सोला व उनके सहयोगियों द्वारा किए गए एक शोध से यह सामने आया है। इस शोध में 49 रोगियों पर हुए अध्ययन के फलस्वरूप पाया गया कि उन के दांतों की प्लेक में मौजूद रोगाणुओं ने उन्हें न्यूमोनिया का शिकार बनाया। ये रोगाणु रास्ता बनाते हुए फेफड़ों तक पहुंचे व न्यूमोनिया का कारण बने।

विशेषज्ञों के अनुसार अच्छे स्वास्थ्य के लिए दांतों को साफ रखना तो आवश्यक है ही, साथ ही दांतों की सफाई कई रोगों की संभावना को कम करने के दृष्टिकोण से भी महत्त्वपूर्ण है, इसलिए समय-समय पर अपने दंत विशेषज्ञ से दांतों की जांच करवाते रहें।

## ब्रश करिए, स्लिम रहिए

स्लिम दिखने के लिए लोग हैल्थ क्लब ज्वाइन करते हैं, एक्सरसाइज करते हैं और पता नहीं क्या-क्या तरीके अपनाते हैं। अब विशेषज्ञों ने पतला होने के लिए एक नये तरीके को ईजाद किया है। एक जापानी शोध के अनुसार दिन में तीन-चार बार ब्रश करना आपको पतला बनाए रख सकता है। टोक्यों में जाइकॉय यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ तकाक्षी वाडा ने एक सर्वे में लगभग 14000 व्यक्तियों की प्रतिदिन की आदतों को जाना। इन व्यक्तियों की आयु 40-50 वर्ष की थी।

इस सर्वे में उनकी खान-पान की आदतों, एक्सरसाइज, निद्रा के लिए दिए गए व समय ब्रश करने की आदत के बारे में उनसे जाना। फिर उन्होंने स्लिम व्यक्तियों और मोटे व्यक्तियों जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से अधिक था, की तुलना की और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि पतले व्यक्ति दिन में हर बार भोजन लेने के पश्चात् ब्रश करते थे और मोटे व्यक्ति कभी-कभी प्रतिदिन भी ब्रश नहीं करते थे। इसलिए हर भोजन के पश्चात ब्रश करिए, न केवल अपने दांतों के स्वास्थ्य के लिए बल्कि स्लिम होने के लिए भी। (स्वा.द.)

# न परेशान हों उन दिनों में

नीतू गुप्ता



टीनएजर लड़कियों और महिलाओं के वे दिन परेशानी लेकर आते हैं। कुछ महिलाएं तो नार्मल तरीके से काम निपटा लेती हैं और कुछ देर आराम करके उन्हें उन दिनों का पता नहीं चलता पर कुछ महिलाएं और लड़कियों के लिए परेशानी लिए आते हैं ये दिन।

मासिक धर्म के दिनों में दर्द से जूझना एक आम समस्या है पर कुछ लोगों को दर्द के साथ रक्तस्राव भी अधिक होता है। साथ ही चिड़चिड़ापन मानसिक और शारीरिक परेशानियां उन्हें घेर लेती हैं। ऐसी महिलाओं का न नहाने का मन करता है, न खाने का, न अधिक बात करने का। बस मन करता है कि बिस्तर पर चुपचाप लेटी रहें।

स्त्री रोग विशेषज्ञ के अनुसार इनमें से कुछ प्रक्रियाएं तो नार्मल हैं अतः अधिक परेशान नहीं होना चाहिए क्योंकि इन दिनों शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं। अगर अधिक दिनों तक या कई महीनों तक लगातार इन समस्याओं से जूझना पड़े तो ऐसे में डाक्टर से सम्पर्क अवश्य करना चाहिए ताकि किसी और बीमारी की पूर्व सूचना न हो।

### आइये जानें कुछ बदलावों के बारे में

- रात्रि में नींद कम आना।
- इन दिनों में चिड़चिड़ेपन का बढ़ना।
- सिर में दर्द रहना।
- जल्दी-जल्दी मूड में बदलाव होना आदि।

रखें ध्यान

- शारीरिक साफ सफाई का ध्यान रखना अति जरूरी।
- तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें।
- स्नान अवश्य करें नहीं तो इंफेक्शन हो सकता है। खाने में विटामिन, कैल्शियम और आयरन नियमित लें।
- हल्के फुल्के व्यायाम करें (सूक्ष्म क्रियाओं वाले), वजन पर नियंत्राण रखें। मोटे लोगों को तकलीफ अधिक हो सकती है।
- अधिक श्रम न करें।
- रूटीन काम करते रहें।

### कुछ दुविधाओं से बचें

- मासिक धर्म के दिनों में या एक दो दिन पहले होने वाला दर्द सामान्य है। परेशान न हों।
- जब लड़कियों का मासिक धर्म प्रारंभ होने का समय आए तो उन्हें कुछ आवश्यक जानकारियां अवश्य दें।
- यह अवधारणा मन में न रखें कि अधिक काम करने से दर्द बढ़ जाता है। बस ध्यान रखें पानी में अधिक देर रहकर काम न करें जैसे कपडे धोना आदि।
- कुछ लोगों का मानना है कि ठंडी चीजों का सेवन न करें। यह उन लोगों के लिए फायदेमंद है जिन्हें पेट दर्द अधिक होता है। उन्हें ठंडे पेय नहीं लेने चाहिए बल्कि गर्म पेय लें या फिर गर्म पानी से सिंकाई करें।
- बहुत अधिक परेशानी होने पर डॉक्टर के परामर्श अनुसार दवा का सेवन कर सकते हैं क्योंकि अधिक दर्द को सहन करना स्वास्थ्य हेतु ठीक नहीं।
- अधिक प्रोटीन के लिए पनीर का सेवन करें। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां अवश्य खाएं ताकि विटामिन और आयरन मिल सकें।

### कुछ बातें जिन्हें न करें नजरअंदाज

- मासिक चक्र का सामान्य पीरियड 28 दिन का होता है। एक सप्ताह आगे-पीछे होना सामान्य होता है। अगर अधिक गैप रहता है या कम, अधिक समय तक ऐसा रहने पर डॉक्टर से अवश्य परामर्श करें।
- अधिक रक्तस्राव हो या बहुत कम, दोनों ही हालात परेशानी का कारण हैं। ऐसे में डॉक्टर से संपर्क करें।
- मूड में बदलाव का होना और चिड़चिड़ापन होना सामान्य स्थिति है। अगर यह परेशानी लंबे समय तक रहे तो डिप्रेशन होने की संभावना हो सकती है। तब भी डॉक्टर से अवश्य सलाह लें। (स्वा.द.)

# ट्रैवल में रखें सेहत का ध्यान



नीतू गुप्ता

हम घर से बाहर तो मस्ती के लिए जाते हैं पर मस्ती-मस्ती में गलत समय पर भोजन करने से और खाना ऊंट पटांग खाने से कई बार सफर की मस्ती में स्वास्थ्य संबंधी बाधा आ जाती है जो सारे सफर का मजा खराब कर देती है और साथ में साथी भी जो मस्ती के लिए निकले होते हैं, परेशान हो जाते हैं।

अक्सर सफर के दौरान कब्ज, गैस, पाचन प्रणाली में गड़बड़, डायरिया होना आम बात है। फिर भी हम अपनी मस्ती बरकरार रखना चाहें तो बेहतर होगा उन सब बातों पर ध्यान रखें जिनकी वजह से सफर खराब न हो।

### कब्ज न हो

- बहुत सारे लोग फूड सप्लिमेंट्स लेते हैं। उनसे भी कब्ज होने का खतरा रहता है। ऐसे में आयरन सप्लिमेंट्स एंटासिड दवाइयां, कैल्शियम सप्लिमेंट्स बाहर सफर पर न लें क्योंकि इनसे कब्ज हो सकती है। कब्ज होने से पेट में गैस, पेट दर्द की समस्या सफर के दौरान बढ़ सकती है।
- सफर में पानी का सेवन अधिक करें। अन्य तरल पदार्थ भी लें। इससे ताजगी और एनर्जी बनी रहेगी।
- अपने खाने में रेशा पर्याप्त मात्रा में लें। इसका पूरा ध्यान रखें जिससे कब्ज न हो।
- जंक फूड अवॉइड करें। भोजन में पोषण का ध्यान रखें।
- जब कभी सफर में तनाव हो तो पसंद का म्यूजिक सुनें। मोबाइल पर गेम भी खेल सकते हैं। इससे तनाव कम होगा। तनाव से भी गैस बनती है और कब्ज हो सकती है।

### डायरिया न हो

- भोजन जो भी खाएं, पूरा पका खाएं, विशेषकर नॉनवेज।
- बाजार से छिले हुए फल और सब्जियां न खाएं। उन्हें खरीद कर अच्छी तरह से वॉश कर छीलकर खाएं। फ्रूट चाट वगैरह भी न खाएं।
- पानी बिना बर्फ वाला पिएं। पता नहीं बर्फ कैसे पानी से बनी है। पानी भी बंद बोतल वाला लें। उसकी सील अवश्य चेक करें।

### गैस से बचें

- सफर के दौरान हाई फाइबर डाइट न लें क्योंकि इन्हें पचाना मुश्किल होता है। रात्रि में विशेषकर ध्यान रखें।
- सफर पर जाते समय अपने साथ अदरक, हाजमोला, हिंगगोली और अजवायन थोड़ा साथ रख लें। वैसे गैस के लिए पानी में नींबू, नमक डालकर ले सकते हैं। अगर पानी गुनगुना उपलब्ध हो जाए तो अच्छा होगा।
- जिन सब्जियों और दालों से गैस बनती हो, सफर के दौरान न खाएं।

### पाचन संबंधी समस्या से करें बचाव

- डेयरी खाद्य पदार्थों का सेवन बाहर कम से कम करें।
- अधिक शुगर वाले खाद्य पदार्थों का सेवन भी कम करें।
- चाय कॉफी का सेवन भी कम करें।
- अधिक तले हुए भोज्य पदार्थ भी न खाएं।

### सीने की जलन से बचें

- सफर के दौरान शराब और सिगरेट को अवॉइड करें तो अच्छा होगा।
- रात्रि में सोने से पहले अपने सिर रखने वाले स्थान को थोड़ा ऊपर कर सोएं।
- सफर में एकदम ठूंस कर न खाएं। थोड़ा-थोड़ा कर कई हिस्सों में बांट कर खाएं। (स्वा.द.)

# बहुत उपयोगी है मेथी

सुनीता गाबा

मेथी के नाम से सब वाकिफ हैं। मेथी के बीज मसाले के रूप प्रयोग में लाए जाते हैं और मेथी की पत्तियां सब्जी के रुप में खाई जाती है। स्वाद में तो मेथी कड़वी होती है। इसके बीज और पत्तियां दोनों में कड़वापन समाया होता है। कड़वी होने पर भी इसमें बहुत से औषधीय गुण छुपे हुए हैं।

- मेथी के पत्तों का साग कब्ज भी दूर करता है।
- जिगर संबंधी रोगों में पत्तों का रस निकालकर शहद के साथ बराबर मात्रा में लेने से लाभ होता है।
- बार बार पेशाब आने से परेशान रोगियों को उसके पत्तों का रस सुबह शाम पीना चाहिए। पत्तों के रस से मधुमेह रोगी का भी लाभ मिलता है।
- चोट लगने पर सूजन वाले स्थान पर पत्तों का पुलटिस बनाकर गर्म गर्म सिंकाई करने से सूजन दूर होती है।
- मधुमेह के रोगियों को प्रतिदिन 20-25 दाने मेथी खाना चाहिए। उससे रक्त में होने वाली शुगर कम होती है।
- मेथी दानों का पाक, प्रसूता स्त्री को देने से भूख लगती है और गर्भाशय की शुद्धि होती है।
- वायु के जोड़ों के दर्द में मेथी दानों को पीसकर गुड़ के साथ उसे पका कर खाने से दर्द दूर होता है और कमर और घुटने के दर्द में राहत मिलती है।
- मेथीदाने के 3 ग्राम चूर्ण को पानी के साथ लेने से कमर और घुटने के दर्द में राहत मिलती है।
- छाती के पुराने रोग से छुटकारा पाने के लिए बीजों का काढ़ा बनाकर शहद मिलाकर पीने से लाभ होता है।
- मेथी का सेवन किसी भी रूप में किया जाए तो स्वास्थ्य को लाभ प्राप्त होता है। (स्वा.द.)

# कैसे करें वजन नियंत्रण

वजन नियंत्रण के लिए आप कितनी ही प्रकार की डाइट आज़मा चुके हों पर वजन जहां का तहां। डायटिंग कर-कर के थक-हार गए हों या जिम में पसीना बहा कर, कभी-कभी किसी भी चीज का असर नहीं होता। हेल्थ क्लब तक में कामयाबी नहीं मिलती।

विशेषज्ञों का मानना है कि वजन नियंत्रण में इन सब तरीकों को अपनाने से पहले जरूरी है कुछ स्वस्थ आदतों को अपनाना। आइए जानें कैसे आप वजन नियंत्राण प्रोग्राम को सफल बना सकते हैं:-

किसी भी काम में सफलता का राज होता है कि आप उस कार्य के लिए कितने इच्छुक हैं। अगर आपमें दिल से इच्छा है तभी आप दिल से कोशिश करेंगे। सिर्फ यह कहते रहने से कि 'मैं इतनी एक्सरसाइज करती हूं, पर कुछ फर्क नहीं पड़ता' से कुछ नहीं होने वाला। आप सब कुछ कर सकते हैं, यह सोच रखिए।

आप यह मत सोचिए कि डाइट कंट्रोल या एक्सरसाइज द्वारा आप एक महीने में ही 10 किलो वजन कम कर लेंगे। हमेशा प्रारंभ धीरे-धीरे करिए और अपनी मंजिल के करीब पहुंचिए। अगर आप बहुत अधिक डाइट कंट्रोल या एक्सरसाइज करेंगे तो उसे नियमित नहीं कर पाएंगे। वजन नियंत्राण के लिए आवश्यक है कि आप जो भी करें, वह आपकी दिनचर्या का अंग बनें।

एक्सरसाइज तो नियमित करिए। अगर एक एक्सरसाइज से बोर हो जाएं तो नयी अपना लें। टेनिस, स्वीमिंग, एरोबिक्स, कुछ भी करें जो आपको पसंद हो। जब भी आप नया एक्सरसाइज प्रोग्राम शुरू करें तो पहले कम समय अर्थात 10-15 मिनट से प्रारंभ करें। फिर धीरे-धीरे समय सीमा बढ़ाएं।

आप अपने वजन पर नियंत्राण के लिए एक्सरसाइज कर रहे हैं पर इसके साथ-साथ अगर आप सक्रिय जीवन शैली नहीं अपना रहे तो आप अपने वजन पर नियंत्राण नहीं कर पाएंगे। इसलिए टी. वी. देखने, कम्प्यूटर पर अधिक काम करने के बजाय आप चलते रहें, घूमें, कुछ खेलें। बैठे रहना आपकी कमर पर चर्बी की परतें चढ़ाएगा।

क्रेश डाइटिंग आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं। इसकी बजाय अपनी डाइट में कुछ परिवर्तन करें जैसे चिप्स व नमकीन के स्थान पर सलाद और स्प्राउटस को अपनी डाइट में जोड़ें। कम वसा रहित भोजन बनाएं। ग्रिलिंग, बेकिंग, स्टीमिंग करके भोजन पकाएं न कि तल कर या आयल में।

फाइबर युक्त व अपरिष्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन करें। चाय काफी कम लें। इसके स्थान पर नींबू पानी लें। सब्जियां व फलों का अधिक सेवन करें। मीठे भोज्य पदार्थों को भी कम लें। अगर पार्टी में जा रहे हैं तो पहले से कुछ खाकर जाएं जिससे वहां पर परोसे गए वसायुक्त भोजन का सेवन करने से बच सकें। भोजन सदैव धीरे-धीरे चबा कर खाएं।

दिन में तीनों समय भोजन करें। नाश्ता अवश्य करें। अधिकतर लोग नाश्ता नहीं करते जो एक गलत आदत है। नाश्ता हमारे दिन की पोषक तत्वों की आवश्यकता की पूर्ति करता है और रात भर भूखे रहने के पश्चात् शरीर को एनर्जी की पूर्ति भी, इसलिए प्रोटीन कार्बोहाइडेऋट, विटामिन युक्त भोजन करें। ध्यान रहे कि जब एक समय आहार नहीं लेते तो अगले समय अधिक आहार खाते हैं जिससे आपका वजन कम होने के स्थान पर अधिक होने की संभावना बढ़ जाती है।

वजन अधिक होने का कारण आज का लाइफस्टाइल भी है जिसमें देर रात को भोजन करना शामिल है। भोजन पचने में लगभग चार घंटे लगते हैं जब भोजन एनर्जी में परिवर्तित होता है। तब व्यक्ति गहरी नींद में होता है। शरीर कोई कार्य नहीं कर रहा होता और भोजन फैट सेल्स में फैट के रूप में जमा हो जाता है। इसलिए रात का भोजन जल्दी करना चाहिए और हल्का करना चाहिए।

अगर आप शाम को स्नैक्स ले रहे हैं तो डिनर न के बराबर करें। अगर भारी लंच किया है तो भी ऐसा करें ताकि आपकी कैलोरी की मात्रा अधिक न हो।

त अगर इतना सब कुछ करने पर भी वजन कम नहीं हो रहा तो एक डायरी बनाएं जिसमें हर दिन में लिए जा रहे भोजन को नोट करें। एक सप्ताह बाद चेक करें कि आपने कहां गलती की है और उसमें सुधार ले आएं। (स्वा.द.)



# सेहत की बातें

भाषणा बांसल

- खुला रखा, बासी भोजन कदापि न खाएं। यह पेट की गड़बड़ी का मुख्य कारण बनता है।
- पाचन क्रिया को दुरूस्त रखने हेतु भोजन करने व नहाने में एक-दो घंटे का अंतर रखें।
- नहाते समय स्वच्छ जल का प्रयोग करें। गंदे पानी से नहाएंगे तो त्वचा की बीमारियां हो सकती हैं।
- बालों को गंदा न रखें। इससे बालों संबंधी कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। बालों को हफ्ते में दो या तीन बार शैंपू से धोएं।
- पेट भर नाश्ता करें। इसे कदापि नजरअंदाज न करें।
- किसी के कंघे, तौलिए आदि का प्रयोग न करें।
- नाखूनों को सदैव साफ रखें। यदि इनमें गंदगी रहेगी तो यह भोजन के साथ आपके पेट में चली जाएगी, जो पेट की बीमारियां पैदा करने में सहायक होगी।
- खाना खाने के तुरंत बाद साबुन से हाथ साफ करें।
- खूब मात्रा में पानी पिएं। इससे पाचनतंत्रा ठीक रहता है।
- पैरों में नमी न रहने दें। यदि काम करते-करते पैर थोड़े गीले हो जाएं तो काम करने के तुरंत बाद पैरों को भली भांति धोकर सुखा लें।
- गुप्त अंगों को सदैव अच्छी तरह साफ करें।(स्वा.द.)

## न्यूज इन ब्रीफ

**महाराष्ट्र : बीड में 14 साल की लड़की का 30 साल के व्यक्ति से विवाह, प्रथमिकी दर्ज**

बीड : महाराष्ट्र के बीड जिले की पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटीयू) ने बाल विवाह निषेध अधिनियम का उल्लंघन करके 30 साल के व्यक्ति से ब्याही गई 14 वर्षीय लड़की को मुक्त कराया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक इस घटना के संबंध में गेओराई तहसील के तलवाडा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एएचटीयू की प्रभारी अधिकारी पल्लवी जाधव को सोमवार सुबह सूचना मिली कि आमला गांव में पांच जनवरी को एक नाबालिग लड़की की शादी हुई है और उसी घर में सत्यनारायण पूजा की जा रही है।

**इंदौर में दूषित पेयजल से 25वीं मौत का दावा, स्वास्थ्य विभाग ने कैंसर को बताया 'वास्तविक कारण'**

इंदौर (मध्यप्रदेश) : इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप के दौरान 50 वर्षीय ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने दूषित पेयजल से इस व्यक्ति की मौत को लेकर उसके परिवार के दावे को खारिज करते हुए कैंसर को उसकी मृत्यु का 'वास्तविक कारण' बताया है। अधिकारियों ने बताया कि भागीरथपुरा में रहने वाले हेमंत गायकवाड़ (50) ने शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार रात दम तोड़ा। इस मामले को मिलाकर स्थानीय लोगों ने भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के चलते अब तक कुल 25 लोगों की मौत का दावा किया है। प्रशासन ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है।

**हिमाचल में पर्यटन, हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए शिमला से हेलीकॉप्टर सेवाओं की शुरुआत**

शिमला : हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में संजौली हेलीपोर्ट पर बुधवार को हेलीकॉप्टर सेवाओं की शुरुआत की, जिसे राज्य में हवाई संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही संजौली हेलीपोर्ट से कुल्लू में स्थित भुंटर हवाई अड्डे और रेकोंग पेयो में स्थित आईटीबीपी हेलीपैड तक के लिए दैनिक हेलीकॉप्टर उड़ान सेवाओं की शुरुआत हो गई। इसके अतिरिक्त सप्ताह में तीन दिन यानी सोमवार, शुक्रवार और शनिवार को चंडीगढ़ और संजौली हेलीपोर्ट के बीच भी हेलीकॉप्टर उड़ानों का संचालन किया जाएगा। संजौली से कुल्लू के बीच यात्रा का किराया प्रति यात्री 3,500 रुपये जबकि संजौली से रेकोंग पेयो के बीच 4,000 रुपये है। इसके अलावा संजौली से चंडीगढ़ तक का किराया 3,169 रुपये तय किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संजौली-रामपुर-रेकोंग पियो और संजौली-मनाली (एसएएसई हेलीपैड) मार्गों पर भी जल्द ही हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू की जाएंगी।

### अतिरिक्त विशेष सुनवाई अदालतें न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाएंगी: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि अतिरिक्त सुनवाई अदालतों की स्थापना से न्यायिक व्यवस्था ''मजबूत'' होगी क्योंकि आरोपियों को आपराधिक मामलों में त्वरित सुनवाई या जमानत जैसी राहत पाने के लिए शीर्ष अदालत आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शीर्ष अदालत ने एक व्यक्ति के आईएसआईएस से संबंध से जुड़े 2021 के एक मामले में रोजाना सुनवाई के लिए छह जनवरी को केंद्र और दिल्ली सरकार से एक विशेष अदालत गठित करने पर विचार करने को कहा था। इस मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने बुधवार को केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से राष्ट्रीय राजधानी में विशेष अदालत की स्थापना को लेकर हुई प्रगति के बारे में पूछा। सीजेआई ने कहा, ''मुख्य सवाल यह है कि एक ऐसा मजबूत तंत्र कैसे बनाया जाए जिससे उनमें से किसी को भी अदालतों में आने की जरूरत न पड़े? और ऐसा तभी संभव होगा जब अतिरिक्त अदालतें स्थापित की जाएंगी।''

# अंतरिक्ष से दुनिया को देखकर नजरिया बदल जाता, बहस बेकार लगती है: सुनीता विलियम्स

**नई दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा कि अंतरिक्ष में जाने से जीवन को देखने का उनका नजरिया बदल गया है और जब वहां से पृथ्वी को एक ही ग्रह के रूप में देखा जाता है, तो इंसानों का आपस में बहस करना या अलग-अलग मुद्दों पर मतभेद रखना बहुत ही व्यर्थ लगता है। हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा से सेवानिवृत्त हुईं सुनीता विलियम्स(60) इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। वह यहां अमेरिकन सेंटर में आयोजित आइज ऑन द स्टार्स, फीट ऑन द ग्राउंड नाम के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस बातचीत में उन्होंने



अपने हाल के अंतरिक्ष मिशन के बारे में बताया। यह मिशन शुरू में केवल आठ दिन का था, लेकिन बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में आई तकनीकी खराबियों के कारण वह नौ महीने से ज्यादा समय तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) में रहने को मजबूर हुईं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यात्रा एक तरह का टीम का खेल है और सभी देशों को मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि हम सब एक ही ग्रह पर बसे हैं। विलियम्स ने कहा, जब आप अंतरिक्ष में पहुंचते हैं, तो सबसे पहले हर इंसान अपना वतन ढूंढने की कोशिश करता है। मेरे पिता भारत से और मां स्लोवेनिया से हैं, इसलिए मैं इन दोनों जगहों को खोजती हूं। यही सबसे पहली भावना होती है। उन्होंने हालांकि यह भी बताया कि धीरे-धीरे आपकी यह सोच बदल जाती है और पूरी पृथ्वी एक ही घर जैसी लगने लगती है। उन्होंने कहा, हमारे ग्रह पर जीवन है। कुछ लोगों को लगता है कि वहां से केवल चट्टानी भूमि दिखती होगी। लेकिन अंतरिक्ष से मैं मौसम के बदलाव, समुद्र के रंगों में फर्क, शैवाल के फैलने, उत्तर और दक्षिण ध्रुव के पास बर्फ की चादरों को साफ देख सकती थी। उन्होंने कहा कि ऊपर से इस खूबसूरत और जीवंत ग्रह को देखने से जीवन को समझने का नजरिया बदल जाता है। अंतरिक्ष यात्री ने कहा, इससे लोगों के बीच मतभेदों को देखने का तरीका भी बदल जाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी 23 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में सीएसआईआर-एनआईआईएसटी केंद्र की आधारशिला रखेंगे

**तिरुवनंतपुरम :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जनवरी को यहां 'बायो-360 लाइफ साइंसेज पार्क' में सीएसआईआर-एनआईआईएसटी नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता केंद्र की आधारशिला रखेंगे। बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक घटक प्रयोगशाला 'सीएसआईआर-राष्ट्रीय अंतःविषयक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान' (सीएसआईआर-एनआईआईएसटी) द्वारा स्थापित किया जाने वाला यह अत्याधुनिक केंद्र, जीवन विज्ञान क्षेत्र में गहन तकनीकी नवाचार और उद्यमिता के लिए एक राष्ट्रीय केंद्र के रूप में परिकल्पित है।

## ट्रंप के शांति बोर्ड में शामिल होने पर भारत ने अभी तक नहीं लिया कोई फैसला

**नयी दिल्ली :** भारत ने अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति बोर्ड का हिस्सा बनने के लिए दिये गए आमंत्रण पर कोई निर्णय नहीं लिया है। मामले से परिचित लोगों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह बोर्ड गाजा में स्थायी शांति लाने और संभवतः वैश्विक संघर्षों को हल करने की दिशा में काम करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच हुए युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के तहत गठित बोर्ड में शामिल होने के लिए जिन कई वैश्विक नेताओं को आमंत्रित किया है, उनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हैं। ट्रंप बृहस्पतिवार को स्विट्जरलैंड के पहाड़ी रिसॉर्ट दावोस में वार्षिक विश्व आर्थिक मंच के दौरान एक समारोह की मेजबानी करने वाले हैं, जिसमें वे शांति बोर्ड की व्यापक रूपरेखा और उसके संविधान की घोषणा करेंगे। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि भारत इस पहल के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रहा है क्योंकि इसमें संवेदनशील मुद्दे शामिल हैं। जिन देशों ने ट्रंप का आमंत्रण स्वीकार किया है, उनमें अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, मिस्र, हंगरी, कजाकिस्तान, मोरक्को, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और वियतनाम शामिल हैं। चीन, जर्मनी, इटली, पराग्वे, रूस, स्लोवेनिया, तुर्की और यूक्रेन सहित कई देशों ने आमंत्रण पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## अशांत घोषित क्षेत्रों में स्थायी निवासियों की संपत्तियों की रक्षा के लिए विधेयक लाएगी राजस्थान सरकार

**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने कैबिनेट बैठक में एक अहम विधेयक को मंजूरी देने का फैसला किया है, जिसने प्रदेश की राजनीति और समाज दोनों में हलचल तेज कर दी है. नाम तो बहुत बड़ा है. प्रस्तावित कानून का नाम है- 'दि राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ ट्रांसफर ऑफ इम्मूवेबल प्रोपर्टी एंड प्रोविजन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ टेनेंट्स फ्रॉम एविक्शन फ्रॉम प्रिमाइसेज इन डिस्टर्ब्ड एरियाज बिल, 2026'. साधारण भाषा में समझे तो यह संपत्ति की खरीद-फरोख्त और किरायेदारों के हितों से जुड़ा हुआ बिल है. सरकार का कहना है कि यह कानून सामाजिक संतुलन बनाए रखने, संवेदनशील इलाकों में तनाव को रोकने और स्थानीय निवासियों व किरायेदारों की संपत्तियों की सुरक्षा के उद्देश्य से लाया जा रहा है. वहीं विपक्ष इसे नागरिक अधिकारों पर चोट और संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ बता रहा है.इस प्रस्तावित कानून के तहत राज्य सरकार को यह अधिकार मिलेगा कि वह किसी भी इलाके को 'अशांत क्षेत्र' घोषित कर सके. सरकार का तर्क है कि ऐसे इलाके वे होंगे जहां जनसंख्या का स्वरूप तेजी से बदल रहा हो, जहां बार-बार दंगे, सांप्रदायिक तनाव या सामाजिक अशांति की घटनाएं सामने आती हों. इसके अलावा उन क्षेत्रों को भी अशांत क्षेत्र घोषित किया जा सकता है, जहां किसी एक समुदाय की आबादी असामान्य गति से बढ़ रही हो या जहां पुराने और स्थायी निवासी दबाव, डर या असुरक्षा के माहौल में अपनी संपत्तियां औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हो रहे हों.

## 'भ्रष्ट' सत्ता बड़ी चुनौतियां पेश करती है, उनका निडरता से सामना करें : राहुल गांधी

**कुरुक्षेत्र (हरियाणा) :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को हरियाणा और उत्तराखंड के जिला इकाई प्रमुखों से कहा कि ''भ्रष्ट'' सत्ता बड़ी चुनौतियां पेश करती है, लेकिन उन्हें निडर होकर उसका सामना करना होगा। कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) प्रमुखों के लिए यहां आयोजित प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, ''आपको जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आपको इसे निडरता और समर्पण के साथ निभाना होगा। आप कांग्रेस के योद्धा हैं और आपको योद्धाओं की तरह काम करना होगा।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि ''भ्रष्ट'' सत्ता बड़ी चुनौतियां पेश करती है, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को निडर होकर



उनका सामना करना होगा तथा संगठन को और मजबूत करना होगा। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए राहुल गांधी ने कहा, ''कोई भी आपकी आवाज को दबा नहीं सकता, क्योंकि कांग्रेस जैसा मजबूत संगठन आपके साथ खड़ा है।'' उन्होंने कहा कि पार्टी समय-समय पर उनकी प्रगति का मूल्यांकन करेगी और आवश्यक मार्गदर्शन एवं समर्थन प्रदान करेगी। हरियाणा के लिये कांग्रेस के प्रभारी महासचिव बी.के. हरिप्रसाद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राहुल गांधी ने डीसीसी प्रमुखों को निर्देश दिया कि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाएं और उनकी समस्याओं को भी उठाएं। गांधी ने उन्हें यह भी निर्देश दिया कि वे जनता के पास जाकर उन्हें समझाएं कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने मनरेगा योजना के साथ क्या कुछ किया है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने मनरेगा को 'वीबी- जी राम जी' अधिनियम से प्रतिस्थापित कर दिया है, जिसके खिलाफ विपक्षी दलों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

## सोनी बीबीसी अर्थ ने 'अर्थ इन फोकस' फोटोग्राफी प्रतियोगिता का पांचवां संस्करण सफलतापूर्वक किया संपन्न

**नयी दिल्ली :** सोनी बीबीसी अर्थ ने अपनी लोकप्रिय फोटोग्राफी प्रतियोगिता 'अर्थ इन फोकस' का पांचवां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस साल की थीम 'शेड्स ऑफ लाइफ' थी, जिसमें देश भर के फोटोग्राफरों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में तीन हजार से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिसमें भारत के विभिन्न कोनों से फोटोग्राफरों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक, प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर सुधीर शिवराम, ने विजेताओं का चयन किया। मेदिनीपुर के प्रताप पात्रा, पलक्कड़ के सजीव जे और पुणे के इंद्रनील बसु मल्लिक ने क्रमशः ग्लो ऑफ अर्थ, कलर्स ऑफ कल्चर और वाइब्रेंट वाइल्ड श्रेणियों में जीत हासिल की। विजेताओं को गोप्रो हीरो 13 से सम्मानित किया गया और सोनी बीबीसी अर्थ पर अपनी फोटोज प्रदर्शित करने का मौका मिला। शीर्ष 15 फोटोग्राफरों को मास्टरक्लास के माध्यम से विशेष मेंटरशिप भी प्रदान की गई। इस प्रतियोगिता ने भारत के फोटोग्राफरों की प्रतिभा, रचनात्मकता और जीवन की विविधता को प्रदर्शित करते हुए विजुअल स्टोरीटेलिंग को बढ़ावा दिया।

### कल्याण डोंबिवली नगर निकाय में मनसे के 5 पार्षदों ने शिंदे की शिवसेना को समर्थन की पेशकश की

**ठाणे :** महाराष्ट्र के विभिन्न नगर निकायों में महापौर पदों की होड़ के बीच ठाणे में कल्याण डोंबिवली नगर निगम में एक नये राजनीतिक समीकरण ने आकार लिया है, जिसमें राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के पांच पार्षदों ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को समर्थन की पेशकश की है। शिवसेना ने स्थानीय निकाय चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ महायुति गठबंधन के रूप में लड़ा था। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी, वहीं स्थानीय मनसे नेता और पूर्व विधायक राजू पाटिल ने कहा कि यह निर्णय राज ठाकरे की अनुमति से नगर निगम की राजनीतिक स्थिरता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

### गुजरात पुलिस ने 826 करोड़ रुपये के साइबर धोखाधड़ी मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया

**गांधीनगर :** गुजरात पुलिस ने फर्जी कंपनियों के नाम पर 82 बैंक खाते खुलवाने और उन खातों को धोखाधड़ी करने के लिए साइबर अपराधियों को सौंपने के आरोप में बुधवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये गिरफ्तारियां 826 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई तहत की गईं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी राजदीपसिंह जाला ने कहा, गुजरात में ऑपरेशन म्यूल हंट के तहत, साइबर एक्सीलेंस सेंटर ने सूरत से आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर पूरे भारत में 826 करोड़ रुपये से अधिक के 1,229 साइबर अपराध मामलों में शामिल थे।

## पंजाब : पाकिस्तानी तस्करों से जुड़े अवैध हथियार मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर पाकिस्तान के जरिये अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमृतसर आयुक्तालय पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से छह अत्याधुनिक पिस्तौल और दो कारतूस भी बरामद किए। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी हथियारों की अवैध तस्करी में शामिल थे और अपने विदेशी आकाओं के निर्देश पर कुख्यात अपराधियों को हथियारों की आपूर्ति कर रहे थे। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' के जरिए



बताया कि अमृतसर आयुक्तालय पुलिस ने छह अत्याधुनिक पिस्तौल (दो ग्लॉक, चार .30 बोर) के साथ दो कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान तरन तारन के रट्टोके गांव के गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (22) और तरन तारन की चेला कॉलोनी के सुरजीत सिंह (35) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुरजीत का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। इस मामले में उसके संबंधों का पता लगाने के लिए गहन जांच जारी है।

## गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस एआई से लैस स्मार्ट चश्मे का उपयोग करेगी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस गणतंत्र दिवस के लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के तहत एकीकृत चेहरा पहचान प्रणाली (एफआरएस) से लैस 'स्मार्ट चश्मे' का उपयोग करेगी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लैस ये उपकरण अपराधियों और संदिग्धों के पुलिस डेटाबेस से जुड़े होंगे, जिससे जमीनी स्तर पर तैनात कर्मियों को उनकी तुरंत पहचान करने में मदद मिलेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''ये (स्मार्ट) चश्मे भीड़भाड़ वाले इलाकों में चेहरों को स्कैन कर सकते हैं और कुछ ही सेकंड में, केंद्रीय डेटाबेस में संग्रहीत रिकॉर्ड से उनका मिलान कर सकते हैं। मिलान हो जाने पर, प्रणाली इसे पहनने वाले को अलर्ट करता है, जिससे सार्वजनिक आवागमन को बाधित किए बिना तत्काल सत्यापन और कार्रवाई की जा सकती है।'' यह प्रौद्योगिकी मौके पर अपराधी या संदिग्ध व्यक्ति की पहचान करने में काफी मददगार साबित होगी और सामान्य तरीके से की जाने वाली जांच पर निर्भरता कम करेगी। यह पहल एक व्यापक प्रौद्योगिकी-आधारित सुरक्षा योजना का हिस्सा है जिसमें व्यापक सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन निगरानी, चेहरे की पहचान करने वाले सॉफ्टवेयर का एकीकरण तथा कार्यक्रम के आयोजन के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और संदिग्ध व्यवहार का पता लगाने के लिए एआई-आधारित विश्लेषण शामिल हैं।

## हैदराबाद के पास 100 आवारा कुत्तों को जहर देकर मार डाला गया, मामला दर्ज

**हैदराबाद :** तेलंगाना के याचाराम गांव में बुधवार को कम से कम 100 आवारा कुत्तों को कथित तौर पर जहर देकर मारने के मामले में एक सरपंच और दो अन्य के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह नई घटना छह जनवरी से अब तक तेलंगाना के विभिन्न जिलों में कम से कम 500 आवारा कुत्तों को मारे जाने के बाद सामने आई है। 'स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया' से जुड़े एक पशु कल्याण कार्यकर्ता ने याचाराम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि 19 जनवरी को कुत्तों को कुछ जहरीले पदार्थों का इंजेक्शन लगाया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को याचाराम ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और वार्ड सदस्य के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार, 100 कुत्ते मारे गए थे, लेकिन प्रारंभिक जांच और ग्रामीणों से पूछताछ में लगभग 50 कुत्तों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। अधिकारी के अनुसार, इस मामले की जांच जारी है। अधिकारी ने कहा कि मारे गये कुत्तों के अवशेष बरामद करने के लिए जांच जारी है। इससे पहले हनमकोंडा जिले की पुलिस ने श्यामपेट और अरेपल्ली गांवों में कम से कम 300 आवारा कुत्तों की कथित हत्या के सिलसिले में दो महिला सरपंच और उनके पतियों सहित नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसी तरह कामारेड्डी जिले में लगभग 200 आवारा कुत्तों को भी कथित तौर पर मार डालने के आरोप में पांच ग्राम सरपंचों सहित छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा प्रवासी बंगालियों को जोड़ने में सक्रिय



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में विधानसभा चुनाव को कुछ ही महीने बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी बंगाली समुदाय को अन्य राज्यों में भी संगठित करने में जुटी है। इसी क्रम में प्रवासी बंगाली और राजस्थान प्रदेश संयोजक युवा नेता भरत पुलासरिया ने दिल्ली में भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से भेंट की। इस बैठक में राजस्थान में रह रहे प्रवासी बंगालियों के मुद्दों और संगठन विस्तार पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने प्रवासी बंगालियों के साथ पार्टी की सक्रियता बढ़ाने और उन्हें भाजपा के साथ जोड़ने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। भाजपा का यह कदम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले प्रवासी समुदाय को पार्टी की ओर आकर्षित करने और संगठन मजबूत बनाने की रणनीति के तहत आ रहा है।

## बंगाल, तमिलनाडु में चुनावी जीत को लेकर आश्वस्त: नवीन की अध्यक्षता वाली बैठक के बाद भाजपा का दावा

### भाजपा के नए अध्यक्ष ने 5 राज्यों में चुनाव तैयारियों पर चर्चा के लिए बैठक की

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को दावा किया कि वह आगामी विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को क्रमशः पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हराकर पहली बार अपनी सरकार बनाएगी। एक बयान में पार्टी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी की राज्य इकाइयों द्वारा प्रस्तुत जमीनी रिपोर्टों के आधार पर, उसे



आगामी चुनावों में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार और तमिलनाडु में एम.के. स्टालिन सरकार को सत्ता से बेदखल करने का पूरा भरोसा है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि बैठक में नवीन ने पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में भाजपा की अब तक की चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इन सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाजपा अध्यक्ष के समक्ष अपनी-अपनी तैयारी रिपोर्ट प्रस्तुत की। सिंह ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, प्रदेश भाजपा अध्यक्षों और राज्य प्रभारियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर, यह विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी जनता के आशीर्वाद से पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सिंह ने कहा कि बैठक में राज्य इकाइयों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर, भाजपा असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त है।

# दुनिया को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** भारत की मजबूत विनिर्माण क्षमताओं की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत में निर्मित पहला सी-295 सैन्य विमान सितंबर से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस के साथ बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा कि दुनिया को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''विश्व व्यवस्था में स्पष्ट रूप से बड़ा बदलाव आ रहा है। साझा चुनौतियों से निपटने के



लिए राष्ट्रों का सहयोग करना पहले से कहीं अधिक अनिवार्य है।'' उन्होंने कहा, ''यह बात विशेष रूप से आतंकवाद से निपटने के संदर्भ में लागू होती है, जहां भारत और स्पेन दोनों ही पीड़ित रहे हैं। दुनिया को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए।'' विदेश मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूरोपीय संघ के गहरे संबंधों के लिए स्पेन के समर्थन का आभार व्यक्त किया और भारत समर्थित 'हिंद-प्रशांत समुद्र पहल' (आईपीओआई) में शामिल होने के लिए यूरोपीय राष्ट्र का स्वागत किया। जयशंकर ने भारत और स्पेन के बीच बढ़ते व्यापार और रक्षा सहयोग पर प्रकाश डाला और सी-295 विमान परियोजना का उल्लेख किया। अक्टूबर 2024 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने गुजरात के वडोदरा में सी-295 विमान के अंतिम निर्माण चरण संयंत्र की शुरुआत की। वायु सेना को 'एयरबस डिफेंस एंड स्पेस' के साथ 21,935 करोड़ रुपये के सौदे के तहत 56 सी-295 विमान मिल रहे हैं। इनमें से 40 विमान भारत में निर्मित किए जाएंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत और स्पेन के बीच आर्थिक साझेदारी समग्र संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

## पत्थरबाजी पर रेलवे सख्त, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने ट्रेनों पर पत्थरबाजी की बढ़ती घटनाओं पर कड़ी चिंता जताते हुए चेतावनी दी है कि ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह कृत्य न केवल यात्रियों और कर्मचारियों की जान को खतरे में डालता है बल्कि सार्वजनिक संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचाता है। रेलवे की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक जुलाई से दिसंबर 2025 के बीच देशभर में पत्थरबाजी के 1,698 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 665 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सबसे अधिक 363 मामले उत्तरी रेलवे में सामने आए। इसके बाद पूर्व मध्य रेलवे में 219, दक्षिण मध्य रेलवे में 140, उत्तर मध्य रेलवे में 126, पश्चिम रेलवे



में 116 और दक्षिण रेलवे में 108 मामले दर्ज हुए। इसके अलावा मध्य रेलवे (96), पूर्वी रेलवे (71), पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (67), दक्षिण पश्चिम रेलवे (80), पश्चिम मध्य रेलवे (77), पूर्व तट रेलवे (50), दक्षिण पूर्व रेलवे (51), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (51), उत्तर पश्चिम रेलवे (55), उत्तर पूर्व रेलवे (25) और कोंकण रेलवे (3) में भी ऐसी घटनाएं हुईं। रेलवे ने बताया कि इन मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई, जो यात्रियों की सुरक्षा के प्रति 'शून्य सहनशीलता' नीति को दर्शाता है। संवेदनशील खंडों में निगरानी बढ़ाई गई है और गश्त तेज की गई है, जिससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल रही है। भारतीय रेलवे ने स्पष्ट किया कि पत्थरबाजी एक गंभीर आपराधिक अपराध है। इसमें शामिल व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा और कानून के तहत कठोर दंड दिया जाएगा। रेलवे ने नागरिकों से अपील की है कि वे जिम्मेदार नागरिक बनें, ऐसी घटनाओं को रोकने में सहयोग करें और सुरक्षित, निर्बाध रेल यात्रा सुनिश्चित करने में मदद करें।

## न्यूज ब्रीफ

### केकेआर ने दिशांत याज्ञिक को फील्डिंग कोच नियुक्त किया

**कोलकाता:** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 के सत्र से पहले पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिशांत याज्ञिक को बुधवार को अपनी टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। केकेआर ने कहा कि याज्ञिक के व्यापक अनुभव का टीम को फायदा मिलेगा। केकेआर ने बयान में कहा, "याज्ञिक अपने साथ भरपूर अनुभव और फील्डिंग में उत्कृष्टता की गहरी समझ लेकर केकेआर में शामिल होंगे।

### सिंधू, लक्ष्य, श्रीकांत और अनमोल इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**जकार्ता:** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू, सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को दूसरे दौर में प्रवेश किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर में जापान की मनामी सुइजु को 53 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 22-20, 21-18 से पराजित किया। पुरुष एकल में विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने जापान के कोकी वातानाबे को एक घंटे 12 मिनट चले रोमांचक मुकाबले में 21-15, 21-23, 24-22 से हराया। अब उनका सामना चौथे वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा। लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई को 21-13, 16-21, 21-14 से हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की। उनका अगला मुकाबला हांगकांग के जेसन गुनावन से होगा। अनमोल खरब ने भी चीनी ताइपे के पाई यू पो को 21-16, 21-17 से मात देकर दूसरे दौर में जगह बनाई। हालांकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आयुष शेट्टी, एच एस प्रणय और किरण जॉर्ज पहले दौर में ही बाहर हो गए।

# अभिषेक की धमाकेदार पारी, भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रन से हराया

**नागपुर:** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 35 गेंद में 84 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को 48 रन से पराजित कर पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज अभिषेक ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं दिखाया और आठ छक्कों व पांच चौकों की मदद से तूफानी पारी खेली। अंतिम ओवरों में रिंकू सिंह ने 20 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत को सात विकेट पर 238 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 22 गेंद में 32 रन का योगदान दिया और तीसरे विकेट के लिए अभिषेक के साथ 47 गेंद में 99 रन की महत्व-पूर्ण साझेदारी की। शुरुआत में संजू



सैमसन (10) और ईशान किशन (8) जल्दी आउट हो गए थे, लेकिन इसके बाद अभिषेक ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने एक रन पर ही दो विकेट गंवा दिए। अर्शदीप सिंह ने दूसरी ही गेंद पर डेवोन कॉनवे को आउट कर भारत को शुरुआती सफलता दिलाई, जबकि हार्दिक पंड्या ने अगले ओवर में रचिन रविंद्र को पवेलियन भेजा। मध्यक्रम में ग्लेन फिलिप्स ने 78 रन की आक्रामक पारी खेली और मार्क चैपमैन (39) के साथ 79 रन की साझेदारी कर मुकाबले को रोचक बनाने की कोशिश की। हालांकि अक्षर पटेल ने फिलिप्स को आउट कर भारत को अहम सफलता दिलाई। अंत में शिवम दूबे ने आखिरी ओवर में लगातार गेंदों पर डेरिल मिचेल और क्रिस्टियन क्लार्क के विकेट लेकर न्यूजीलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप, हार्दिक और अक्षर को एक-एक सफलता मिली। बड़े लक्ष्य और शुरुआती झटकों के दबाव में कीवी टीम संभल नहीं सकी और भारत ने आसानी से जीत दर्ज की।

# बीसीबी का अनुरोध खारिज, बांग्लादेश के मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत में ही होंगे



**दुबई:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के टी20 विश्व कप के अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को खारिज कर दिया और स्पष्ट किया कि मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे क्योंकि भारत में टूर्नामेंट के किसी भी स्थल पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा को कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है। यह निर्णय आईसीसी बोर्ड की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित की गई बैठक में लिया गया, जो बीसीबी द्वारा भारत में खेलने को लेकर चिंता जताने और आयोजन स्थलों में बदलाव की मांग के बाद स्थिति पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'आईसीसी बोर्ड ने गौर किया कि मौजूदा परिस्थितियों में मैचों को स्थानांतरित करने से आईसीसी प्रतियोगिताओं की पवित्रता खतरे में पड़ सकती है और एक वैश्विक शासी निकाय के रूप में संगठन की निष्पक्षता कमजोर हो सकती है।' आईसीसी के अनुसार, बोर्ड ने स्वतंत्र मूल्यांकनों सहित कई सुरक्षा आकलन की समीक्षा की, जिनमें से सभी ने निष्कर्ष निकाला कि भारत में टूर्नामेंट के किसी भी स्थल पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों, मीडियाकर्मियों या प्रशंसकों की सुरक्षा के लिए कोई खतरा नहीं था। आईसीसी सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि 16 सदस्यों में से 14 ने बीसीबी के मैच स्थानांतरित करने के अनुरोध के खिलाफ मतदान किया।

### पीसीबी ने बांग्लादेश का समर्थन किया, उसके मैचों की मेजबानी की पेशकश की

कराची: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप खेलने से बांग्लादेश के इनकार का समर्थन किया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भेजे गए एक पत्र में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की पेशकश की है। आईसीसी बोर्ड की बैठक बुधवार को होनी है जिसमें टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर फैसला लिया जायेगा। बांग्लादेश को ग्रुप चरण के चारों मैच भारत में खेलने हैं जिनमें से पहले तीन कोलकाता में और एक मुंबई में होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हालांकि अपनी सरकार के समर्थन से भारत जाने से इनकार किया है और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है।

# हार्दिक पंड्या के बिना अधूरी है भारतीय टीम: आकाश चोपड़ा

**नयी दिल्ली:** पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ऑलराउंडर के बिना भारतीय टीम अधूरी है। भारत टी20 विश्व कप से पहले क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा। विश्व कप में भारत के खिताब बचाने के अभियान में हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। चोपड़ा ने जिओस्टार के एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय टीम में हार्दिक का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक पंड्या के बिना भारतीय टीम अधूरी है। पूरी दुनिया में हार्दिक जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है। बल्ले और गेंद से वह जो कर दिखाते हैं, वैसा भारत में कोई और नहीं कर सकता।' चोपड़ा ने कहा, 'भारत भले ही



अंतिम एकादश में वरुण चक्रवर्ती या कुलदीप यादव जैसे स्पिनर को शामिल करना चाहें, लेकिन फिर भी आपको नंबर आठ पर एक बल्लेबाज की भी जरूरत होगी। आप सब कुछ हासिल नहीं कर सकते। आप 12 खिलाड़ी मैदान पर नहीं उतार सकते।' आकाश ने कहा, 'केवल हार्दिक ही ऐसा कर सकते हैं। वह नई गेंद से गेंदबाजी करके प्रभाव डाल सकते हैं और डेथ ओवरों में भी शानदार गेंदबाजी करते हैं। उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप का आखिरी ओवर भी फेंका था जिसे भारत ने जीता था। इस तरह के कारनामे सिर्फ हार्दिक ही कर सकते हैं। उनके जैसा दूसरा कोई नहीं मिलेगा।' चोपड़ा ने कहा कि चोट और खराब फॉर्म की चिंताओं के बीच भारत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला महत्वपूर्ण होगी ताकि टीम संयोजन को सही स्वरूप दिया जा सके। उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की यह टी20 श्रृंखला सूर्यकुमार यादव और उनकी टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। न्यूजीलैंड भी पूरी तैयारी के साथ आया है। वनडे श्रृंखला में उन्होंने कुछ खिलाड़ियों को विश्राम दिया था, लेकिन यहां उनकी टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई टीम खेल रही है।'

### अब गेंद आरसीबी के पाले में है, चिन्नास्वामी स्टेडियम में वापसी करना उनकी जिम्मेदारी है: प्रसाद

**बेंगलुरु:** कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने बुधवार को कहा कि आईपीएल 2026 के अपने घरेलू मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में करने की अब पूरी जिम्मेदारी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर है। पिछले महीने से विभिन्न राज्य एजेंसियों के साथ कई दौर की बातचीत करने के बाद कर्नाटक सरकार ने चिन्नास्वामी स्टेडियम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन के लिए सशर्त अनुमति दे दी है। आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान चार जून को हुई भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद से इस ऐतिहासिक मैदान पर क्रिकेट नहीं खेला गया है। प्रसाद ने यहां चुनिंदा मीडियाकर्मियों से कहा, "हमें सरकार से मैच आयोजित करने के लिए सशर्त अनुमति मिल गई है। हमें विश्वास है कि जल्द ही हमें बिना शर्त अनुमति मिल जाएगी।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में कोहली को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचे डेरिल मिचेल

**दुबई:** न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हटा दिया। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इस तरह उसने भारतीय सरजमीं पर पहली बार वनडे श्रृंखला जीतकर 37 साल का इंतजार खत्म किया था। मिचेल ने इस श्रृंखला में दो शतक लगाए और 34 वर्षीय यह बल्लेबाज मात्र 54 वीं पारी में सबसे तेज नौ वनडे शतक पूरे करने वाले चौथे पुरुष खिलाड़ी बन गए। केवल इमाम - उल - हक (48), हाशिम अमला (52) और क्विंटन डिकॉक (53) ही उनसे आगे हैं। हैमिल्टन में जन्मे मिचेल अपने करियर की शीर्ष फॉर्म में हैं। उन्होंने तीन मैच की श्रृंखला में कुल 352 रन बनाए। किसी तीन मैच की वनडे श्रृंखला में



यह न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं और कुल मिलाकर यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे आगे केवल पाकिस्तान के बाबर आजम (2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 360 रन) और भारत के शुभमन गिल (2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 360 रन) हैं। आईसीसी ने एक बयान में कहा , "845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली (795 अंक) की जगह ली है जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बाद इब्राहिम जदरान , रोहित शर्मा , शुभमन गिल और बाबर आजम मौजूद हैं।' यह दूसरी बार है जब मिचेल ने वनडे क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले वह पिछले साल नवंबर में सिर्फ तीन दिन के लिए शीर्ष पर रहे थे जिसके बाद रोहित शर्मा ने उन्हें पछाड़ दिया था।

## समाज्ञा व्यापार

## दावोस में भारत की दमदार शुरुआत

# वैश्विक समस्याओं के लिए भारतीय एआई मॉडल अधिक प्रासंगिक, कम लागत पर अधिकतम लाभ दे रहा भारत : अश्विनी वैष्णव

**दावोस:** विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में अपनी सशक्त मौजूदगी दर्ज कराते हुए प्रभावशाली शुरुआत की। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एआई पावर प्ले' शीर्षक उच्चस्तरीय पैनल चर्चा में कहा कि भारतीय एआई मॉडल वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए अधिक उपयोगी हैं और भारत पांचवीं औद्योगिक क्रांति के दौर में कम लागत पर अधिकतम लाभ प्रदान कर रहा है। इस पैनल चर्चा में एआई से जुड़ी उभरती भू-राजनीतिक परिस्थितियों, इसके आर्थिक प्रभाव, शासन संबंधी चुनौतियों और समावेशी प्रसार पर व्यापक मंथन हुआ। चर्चा का संचालन यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने किया। इसमें आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ,



सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह सहित कई वैश्विक नीति निर्माता और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। वैष्णव ने कहा कि भारत एआई आर्किटेक्चर के सभी पांच स्तरों-अनुप्रयोग, मॉडल, चिप्स, बुनियादी ढांचा और ऊर्जा-में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की एआई रणनीति बड़े मॉडलों की प्रतिस्पर्धा से अधिक वास्तविक दुनिया में उपयोग और निवेश पर लाभ सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। उनके अनुसार, 95 प्रतिशत व्यावहारिक समस्याओं का समाधान 20 से 50 अरब पैरामीटर वाले मॉडलों से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारत ने पहले ही सस्ती और कुशल तकनीक विकसित कर ली है, जिससे उत्पादकता और दक्षता बढ़ रही है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत एआई पैठ और तैयारी में दुनिया में तीसरे तथा एआई प्रतिभा में दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय मंत्री ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत 38 हजार जीपीयू को साझा राष्ट्रीय कंप्यूटिंग सुविधा के रूप में उपलब्ध कराने और एक करोड़ लोगों को एआई कौशल से प्रशिक्षित करने की योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एआई का लोकतंत्रीकरण और कम लागत पर अधिकतम लाभ भारत की नीति का मूल आधार है।

### भू-राजनीतिक तनाव से बाजार लगातार तीसरे दिन गिरा, सेंसेक्स 82,000 के नीचे उतरा



**मुंबई:** वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने, कमजोर संकेतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे सत्र में सेंसेक्स 271 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 75 अंक की गिरावट रही। कारोबारियों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और वित्तीय, बैंकिंग एवं उपभोग से जुड़े शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाए रखा। हालांकि निचले स्तर पर चुनिंदा शेयरों में खरीदारी आने से थोड़ा समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक भारी उतार-चढ़ाव के बाद 270.84 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 81,909.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,056.02 अंक टूटकर 81,124.45 तक आ गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत फिसलकर 25,157.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक जोखिम कारकों से धारणा बिगड़ने के कारण घरेलू बाजारों में अस्थिरता बनी रही। लेकिन कारोबारी सत्र के अंत में निचले स्तर पर खरीदारी आने से शुरुआती नुकसान की थोड़ी भरपाई हो गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी प्रमुख नुकसान में रहीं। दूसरी ओर, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो) और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में मजबूती दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, वैश्विक व्यापार एवं भू-राजनीतिक चिंताओं से बाजार में कमजोरी जारी रही। रुपये के डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ जाने से कारोबारी धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से भी दबाव बढ़ा।

# राजस्थान मंत्रिमंडल ने पहली सेमीकंडक्टर नीति को मंजूरी दी

**जयपुर:** राजस्थान मंत्रिमंडल ने राज्य की पहली सेमीकंडक्टर नीति और नई वैमानिकी एवं रक्षा नीति को बुधवार को मंजूरी दी। अधिकारियों के अनुसार इसका उद्देश्य राज्य में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के साथ ही राजस्थान को वैमानिकी व रक्षा विनिर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बनाना है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के उद्योग और वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के साथ ही राजस्थान को एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बनाने के उद्देश्य से 'राजस्थान एयरोस्पेस एवं रक्षा नीति' का अनुमोदन किया गया है। उनके मुताबिक, एमएसएमई, स्टार्टअप और नवाचार आधारित तंत्र के विकास पर केन्द्रित इस नीति के अंतर्गत राज्य में एयरोस्पेस एवं रक्षा क्षेत्र के विनिर्माण उद्यमों, उपकरण एवं घटक विनिर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं, रखरखाव और मरम्मत समेत अन्य संबंधित इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राजस्थान की पहली राजस्थान सेमीकंडक्टर नीति राज्य को सेमीकंडक्टर विनिर्माण, डिजाइन, पैकेजिंग तथा संबद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में देश का प्रमुख गंतव्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### मिथिला मखाना समुद्री मार्ग से पहली बार बिहार से किया गया दुबई निर्यात

**पटना:** बिहार से पहली बार जीआई-टैग यानी भौगोलिक संकेतक प्राप्त मिथिला मखाना को समुद्री मार्ग से दुबई के लिए निर्यात किया गया है। दो टन की यह ऐतिहासिक खेप बुधवार 21 जनवरी को भेजी गई। यह निर्यात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, बिहार सरकार तथा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), पटना के सहयोग से हुआ है। यह जानकारी कृषि विभाग ने दी। उल्लेखनीय है कि मिथिला मखाना, जिसे भौगोलिक संकेतक (जीआई) प्राप्त है, बिहार के मिथिला क्षेत्र का पारंपरिक और पौष्टिक कृषि उत्पाद है। समुद्री मार्ग से इसका सफल निर्यात इस बात का संकेत है कि बिहार अब अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों, पैकेजिंग, ट्रेसबिलिटी और लॉजिस्टिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो चुका है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राज्य के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव की अध्यक्षता में एक डिजिटल तरीके से समारोह का आयोजन किया गया।




वर्ष 10, पूर्णांक 3481 अंक 291 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in